मित्र समाचार

fmpb

अंक 14 प्रकाशन 12 दिसम्बर 2024

''जिसने परमेश्वर के स्वरूप में होकर भी परमेश्वर के तुल्य होने को अपने वश में रखने की वस्तु न समझा, वरन अपने आप को ऐसा शून्य कर दिया, और दास का स्वरूप धारण किया, और मनुष्य की समानता में हो गया'' फिलि. 2:6,7

परमेश्वर के पुत्र का देहधारण

ऐसे प्रेम के लिए मैं कौन हूँ!

मैं क्या हूँ
2 शमूएल 7:18

प्रथम पंक्ति...

परमेश्वर मनुष्य बना

इस पूरे वर्ष हमने ''मैं कौन हूँ'' मूल विषय पर मनन चिंतन किया है। इस क्रिसमस के मौसम में हमें स्मरण दिलाया जाता है कि प्रभु मनुष्य बना। आईए हम सब मिलकर इस गहन सत्य पर विचार करें। स्वयं को दूसरे की जगह रखकर उसकी भावनाओं को समझना सहानुभूति कहलाता है। परमेश्वर का एक व्यक्ति ने कहा, ''यीशु ने मेरे पद् चिन्हों पर चला।'' वास्तव में मानवीय जरूरतों का अनुभव करना और दुःख उठाने की गवाही देना ही पर्याप्त नहीं है–हमें उसमें प्रवेश करना होगा। यही कारण है कि परमेश्वर ने हमारे बीच चलते हुए, हमारे अनुभवों को साझा करते हुए मानव रूप धारण किया। जैसा कि यूहन्ना 1:14 में लिखा है, ''वचन देहधारी हुआ और हमारे बीच में डेरा किया।'' वह हम में से एक बन गया!

फिलिप्पियों 2:6–11 में प्रेरित पौलुस वर्णन करता है कि कैसे परमेश्वर ने हमें छुड़ाने के लिए तीन रूपों को धारण किया।

1. परमेश्वर का स्वरूप 2. दास का स्वरूप 3. मनुष्य का स्वरूप

परमेश्वर का स्वरूपः मसीह ईश्वर का ही स्वरूप है (पद 6)। उसने परमेश्वर के साथ समानता को ऐसी चीज नहीं माना जिसे पकड़ा जा सके या बलपूर्वक लिया जा सके क्योंकि यह पहले से ही उसका था। परमेश्वर की पूरी प्रकृति और विशेषताएँ मसीह में पाई जाती हैं। मसीह ने परमेश्वर की पूरी प्रकृति और चरित्र को मूर्त रूप दिया, जिसमें उसके 100 प्रतिशत दैवीय स्वरूप और गुण मौजूद थे।''

दास का स्वरूपः यद्यपि मसीह परमेश्वर के बराबर था, फिर भी उसने अपने स्वर्गीय पद को त्यागकर स्वयं को दीन किया। उसने दास का रूप धारण किया, नम्रता और दरिद्रता को अपनाया (2कुरिन्थियों 8:9)।

मनुष्य का स्वरूपः मसीह पूरी तरह से ईश्वरीय बने रहते हुए भी पूरी तरह से मानव बन गया। वह हर तरह से हमारे जैसे ही विकसित हुआ (लूका 2:52)। मांस और लहू के साथ, उसने उन्हीं प्रलोभनों का सामना किया फिर भी पाप रहित जीवन बिताया (इब्रानियों 2:14; 4:15)। हमें छुड़ाने के लिए उसने हमारी स्थिति में प्रवेश किया। उसने मानव रूप क्यों धारण किया?

1. **मृत्यु पर विजय प्राप्त करने और हमें उद्धार देने के लिए** (इफिसी 2:14)।
2. **हमारे लिए मध्यस्थता करने** और हमारे संघर्षों में सहानुभूति रखने, एक मनुष्य के रूप में हमारी पीड़ाओं और भावनाओं का अनुभव करने के लिए (इब्रानी 2:18)।
3. **प्रेम, दया और क्षमा जैसे ईश्वरीय गुणों को प्रकट करने के लिए** (यूहन्ना 14:9)। इस क्रिसमस पर जब हम मसीह के देहधारण का जश्न मना रहे हैं, तो आईए हम अपने मिशनरियों को स्मरण करें, जिन्होंने इस शुभ समाचार का प्रचार करने के लिए अज्ञात स्थानों की यात्रा की है। आईए हम भी प्रेम के इस संदेश को शब्दों और कर्मों में बाँटें, ताकि हमारे आस–पास के सभी लोग इस प्रेम के परमेश्वर को जान सकें।

आप सबों को हमारी ओर से क्रिसमस और नव वर्ष की हार्दिक शुभकामनाएँ।

– **मर्सी सेल्विन** (संचार विभाग)

"और वचन देहधारी हुआ; और अनुग्रह और सच्चाई से परिपूर्ण होकर हमारे बीच में डेरा किया, और हमने उसकी ऐसी महिमा देखी, जैसी पिता के एकलौते की महिमा।"
यूहन्ना 1:14

परमेश्वर का पुत्र मनुष्य बना ताकि मनुष्य परमेश्वर का पुत्र बन सके।
– सी.एस. लुईस

"क्योंकि परमेश्वर ने जगत से ऐसा प्रेम रखा कि उसने अपना एकलौता पुत्र दे दिया, ताकि जो कोई उस पर विश्वास करे, वह नाश न हो, परन्तु अनन्त जीवन पाए"। यूहन्ना 3:16

शैतान कहता है, "तुम कोई संत नहीं हो।" यदि मैं संत नहीं हूँ, तो मैं पापी हूँ और यीशु मसीह पापियों को बचाने के लिए दुनिया में आया।
– चार्ल्स स्पर्जन

मित्र समाचार

हमारा दर्शन :

यीशु मसीह के सुसमाचार के साथ अपहुंच भारतीयों तक पहुँचना।

हमारा मिशन :

देश में यीशु मसीह के सुसमाचार का प्रचार करना, परिवर्तित समुदाय के निर्माण के लिए सेवा करना और उनकी बड़ी भागीदारी के लिए भारतीय कलीसियाओं के साथ दर्शन को साक्षा करना।

एफ.एम.पी.बी. देश भर में कलीसियाओं की स्थापना करने के लिए कलीसिया के अंग के रूप में कार्य करती है।

एफ.एम.पी.बी. विभिन्न जन समूहों के बीच में संतृप्ति सुसमाचार का प्रचार करती है। एफ.एम.पी.बी. कलीसियाओं, संस्थानों, परिवारों और व्यक्तियों को इसके काम में समर्थन देने और प्रार्थना करने हेतु आमंत्रित करती है।

टिप्पणी, सिफारिश
और अनुरोध के लिए
feedbackfmpb@fmpb.org

मित्र समाचार

एफ.एम.पी.बी. का मासिक पत्रिका

प्रकाशक एवं संपादक
एस. जॉन बर्लिन

अंशदान	भारत	विदेश
वार्षिक	100 रूपये	600 रूपये
आजीवन	600 रूपये	5,000 रूपये

H.Q: 29, High School Road, Ambattur,
Chennai - 600 053
Tel: +91-44-2657 0404 Fax: 2657 3353
Cell: 9444394342
E-mail: info@fmpb.org
Web site: www.fmpb.co.in

Layout and Preparation:
Communication Dept., fmpb

महासचिव की मेज से...

सुसमाचार के पहुँच से बाहर लोगों को पहुँचाने के मिशन में प्रिये सहभागियों,
संगठन की ओर से, हम आप सभी को क्रिसमस के आशीषित ऋतु और एक दर्शन केंद्रित फलदायी नववर्ष की शुभकामनाएँ। पूरे वर्ष हमारे जीवन और सेवकाई में परमेश्वर का विश्वासयोग्यता हमें यह कहने के लिए मजबूर करती है कि, 'हे प्रभु मैं कौन हूँ?' क्रिसमस स्वर्ग में पिता की इच्छा और योजना के प्रति पूर्ण आज्ञाकारिता के बारे में है। अपनी महिमा को छोड़कर पुत्र की आज्ञाकारिता ने मानव जाति को छुटकारा दिलाया; अपने जीवन के लिए खतरे के बीच मरियम की आज्ञाकारिता ने पुत्र को इस दुनिया में लाया; कई अनिश्चितताओं के बीच यूसुफ की आज्ञाकारिता ने बालक यीशु की रक्षा की। आज्ञाकारिता के द्वारा, यूसुफ ने मरियम को अपनी पत्नी के रूप में बनाए रखा और माँ और बालक को लेकर मिस्र चला गया। मत्ती 2:14 कहता है, ''तब वह रात ही को उठकर बालक और उसकी माता को लेकर मिस्र को चल दिया।'' एक दिन की सूचना पर स्वर्गदूत के निर्देश पर दूसरे देश को भागने में बहुत अधिक विश्वास और आज्ञाकारिता की आवश्यकता होती है। यूसुफ के द्वारा परमेश्वर के निर्देश का पालन करने के कारण परमेश्वर की छुटकारे की योजना पूरी हो सकी। इस क्रिसमस की ऋतु में, परमेश्वर हमारी इच्छा के प्रति पूर्ण आज्ञाकारिता की अपेक्षा करता है, क्योंकि हमारे लिए उसकी इच्छा परमेश्वर की एक बड़ी और महत्वपूर्ण योजना का हिस्सा हो सकती है।

गेहूँ का गिरा दाना

हमारे प्रिय मिशनरी रेव्ह. दीप्तिलाल मल्ली ने 17 नवंबर 2024 दोपहर 2:15 बजे 5 साल तक कैंसर से लड़ने के बाद अंतिम सांस ली। उनके पार्थिव शरीर को 18 नवंबर को पुनरुत्थान और अनंत जीवन की आशा के साथ चेन्नई में दफनाया गया। वे पंजाब के एक जोशीला मिशनरी थे और उन्होंने अपने पीछे अपनी पत्नी श्रीमती रेनुमा सड़ांगी एवं बच्चे माईकल और इसरावेल को छोड़ गए जो क्रमशः छठी और तीसरी कक्षा में अध्ययन कर रहे हैं। कृपया परिवार के लिए और पंजाब में रेव्ह. दीप्तिलाल माली द्वारा छोड़ी गई सेवकाई की कमी को पूरा करने के लिए युवाओं को आगे आने के लिए प्रार्थना करें।

तमिलनाडु क्षेत्रीय कर्मचारियों के साथ बैठक

22, 23 और 24 अक्टूबर को मैंने तमिलनाडु के क्षेत्रीय मिशनरियों, प्रचारकों और कलीसिया के अगुवों से मुलाकात की। इन सभाओं को प्रभु ने आशीष दी और प्राचीनों ने प्रेरित होकर सुसामचार के साथ अपने लोगों तक पहुँचने का निर्णय लिया।

केन्द्रीय अंचल आध्यात्मिक जीवन सम्मेलन

मध्यवर्ती क्षेत्र के मिशनरी अपने परिवारों के साथ 25 से 27 अक्टूबर को अपने वार्षिक आध्यात्मिक जीवन समागम के लिए हमारे विजन लैंड पेरियामलाई के शांत परिसर में एकत्रित हुए। सभा में परमेश्वर का वचन ने हमारे मिशनरियों के हृदय में गहराई से काम किया।

दिल्ली मिशन सम्मेलन

हमारे मिशनरियों और दिल्ली के मोबिलाइजेशन अगुवों ने 31 अक्टूबर 2024 को एक दिवसीय मोबिलाइजेशन सभा का आयोजन किया था। प्रतिभागियों के बीच ईश्वर की आत्मा प्रवाहित हुई।

उत्तराखंड एवं हरियाणा का क्षेत्रीय दौरा

क्षेत्र के अगुवों के साथ, हमने 1 नवंबर से 6 नवंबर तक उत्तराखंड और हरियाणा राज्यों के

मिशनरियों का दौरा किया। इस यात्रा में हमें सेवकाई की उन चुनौतियों को समझने में मदद मिली विशेष रूप से उत्तराखंड में जिनका सामना हमारे मिशनरियों को करना पड़ रहा है।

राजस्थान स्वर्ण जयंती

5 नवंबर को, राजस्थान के मिशनरियों और विश्वासियों ने राजस्थान के एफ.एम.पी.बी. सेवकाई में परमेश्वर के विश्वासयोग्यता के 50 वर्ष और हनुमानगढ़ कलीसिया की स्थापना के 25 साल पूरे होने का उत्सव मनाया। कार्यक्रम में विश्वासियों एवं अगुवों को सुसमाचार को अधिक से अधिक लोगों तक ले जाने की चुनौती दी गई।

कार्यकारिणी समिति सभा

नवगठित कार्यकारिणी समिति की 221वीं सभा 9 एवं 10 नवंबर 2024 को हुई।

राष्ट्रीय मिशन सम्मेलन, हैदराबाद

हैदराबाद में 13 से 15 नवंबर 2024 तक राष्ट्रीय मिशन सम्मेलन आयोजित किया गया था। सम्मेलन में सैकड़ों संस्थाओं के 850 से अधिक लोगों ने भाग लिया और परमेश्वर ने इस सभा को बहुतायत से आशीष दी।

मैं आप सबों से दिसंबर माह के मेरे कार्यक्रमों

के लिए प्रार्थना करने का अनुरोध करता हूँ

प्रभागीय प्रमुखों की बैठक

हम 1 से 4 दिसंबर तक पेरियामलाई में प्रभागीय प्रमुखों के लिए उपवास प्रार्थना और आयोजन की योजना बना रहे हैं।

झारखंड NELC समन्वय

उत्तरी इवेंजेलिकल लूथरन चर्च ने झारखंड में 11 दिसंबर को हमारे मिशनरियों और स्थानीय प्रचारकों के अभिषेक के लिए कृपापूर्वक स्वीकृति प्रदान की है। FMPB सेवकाई को मजबूत करने के लिए इस महत्वपूर्ण सहायता के लिए मॉडरेटर, बिशप और NELC के सचिव को धन्यवाद देती है। कृपया तीन दिनों के लिए ऑर्डिनैंड्स के अभिविन्यास और फिर ऑर्डिनेशन सेवा की सफलता के लिए प्रार्थना करें।

झारखण्ड दौरा

अभिषेक कार्यक्रम से कुछ दिन पहले और बाद में मैं झारखण्ड के मालतो और संथाल दोनों मिशन क्षेत्रों का दौरा करूँगा।

आऊटरीच प्रशिक्षण केन्द्र समिति

झारखण्ड के कैराबनी में आउटरीच ट्रेनिंग सेंटर बोर्ड की सभा 10 दिसंबर को होगी। NELC और एफ.एम.पी.बी. के अगुवे बोर्ड के सदस्य हैं।

संघवी समर्पण

महाराष्ट्र के संघवी में अतिरिक्त छात्रावास भवन का लोकार्पण 20 दिसंबर को परमेश्वर की महिमा के लिए किया जाएगा।

तमिलनाडु मिशन क्षेत्र का दौरा

मैं 27 से 29 दिसंबर तक तमिलनाडु मिशन क्षेत्रों का दौरा करूँगा।

FMPB आप सभी को 2024 के पूरे वर्ष में प्रार्थना, भागीदारी और प्रावधानों के माध्यम से सेवकाई के लिए आपके बलिदानपूर्ण समर्थन के लिए धन्यवाद देता है। जैसा कि हम अंतिम महीने में प्रवेश कर रहे हैं, हमें छुड़ाने के लिए इस संसार में मसीह के आगमन की इस ऋतु में हम आप सभी के लिए भी प्रार्थना करते हैं कि प्रभु आप सबों का आशीष दे। आईए हम भारत के सभी नागरिकों तक मुक्ति और उद्धार का संदेश पहुँचाने के लिए मिलकर काम करें। परमेश्वर आप सबों को आशीष दे।

इस क्रिसमस पर आपका हृदय यीशु के अद्‌भुत उपहार तथा वर्तमान और 2025 में हमारे जीवन में उनके द्वारा लाए गए आनंद की स्तुति से भर जाए।

परमेश्वर के मिशन में आपका साथी सेवक

रेव्ह. जॉन बर्लिन एस.

मैं कौन हूँ, कि मैं परमेश्वर की संतान बनूँ,

परमेश्वर के पुत्र को मनुष्य के पुत्र के रूप में स्वीकार करना?

वरन् अपने आप को ऐसा शून्य का दिया, और दास का स्वरूप धारण किया, और मनुष्य की समानता में हो गया (फिलि.2:7)।

मैं कौन हूँ, कि मैं परमेश्वर का संतान बनूँ, परमेश्वर के पुत्र को मनुष्य के पुत्र के रूप में स्वीकार करूँ? यह शक्तिशाली चिंतन परमेश्वर की अनुग्रह के गहरी रहस्य को दर्शाता है। हम अपने आप में, इतने बड़े उपहार के अयोग्य हैं – कि परमेश्वर का पुत्र मनुष्य का पुत्र बनकर हमें परमेश्वर से मिलाए। फिर भी, अपने अनुग्रह और प्रेम के द्वारा, परमेश्वर ने इसे संभव बनाया। पूर्ण रूप से परमेश्वर और पूर्ण रूप से मनुष्य यीशु,, संसार में इसलिए आया ताकि हम परमेश्वर के परिवार में गोद लिए जा सकें, और परमप्रधान के पुत्र और पुत्रियाँ बन सकें। इतिहास में कोई भी अन्य मनुष्य इस अतुलनीय महिमा में हिस्सा नहीं ले सकता था या कभी नहीं लेगा।

बेतलहम में, हम "महिमा और दीनता" को उनके चरम पर मिलते हुए देखते हैं। कितना गहरा अवतरण है – महिमा की ऊँचाइयों से लज्जा की गहराई तक, स्वर्ग के चमत्कारों से पृथ्वी की दुष्टता तक, उत्कर्ष से अपमान तक और सिंहासन से क्रूस तक। जिस परमेश्वर ने जगत की सृष्टि की, उस पर शासन किया और उसे बनाए रखा, वह सर्वशक्तिमान के रूप में नहीं, बल्कि सबसे छोटे और सबसे निर्बल रूप में, कपड़ों में लिपटे हुए, चरनी में महिमा से भरे हुए, प्रवेश किया।

यीशु की मानवता आवश्यक है, क्योंकि ईश्वर–मनुष्य के रूप में उनकी भूमिका उन्हें ईश्वर और मानवता के बीच पूर्ण मध्यस्थ होने के लिए विशिष्ट रूप से योग्य बनाती है। यदि वह केवल ईश्वर होता, तो उसका हमसे कोई संपर्क नहीं होता। यदि वह केवल मनुष्य होता, तो वह उद्धार की हमारी आवश्यकता को साझा करता। परन्तु यीशु पूर्ण रूप से परमेश्वर और पूर्ण रूप से मनुष्य दोनों है। एक स्त्री से जन्मा, वह हमारी मानवता को साझा करता है। ईश्वर से जन्मा, वे पापहीन रहता है। जब वह क्रूस पर मरा, तो उसने एक पापी के रूप में हमारे अपराधों में हिस्सा नहीं लिया, बल्कि हमारे उद्धारकर्ता के रूप में हमारे अपराधों को सह लिया। यह उद्धार के लिए परमेश्वर की योजना है।

नाम "इम्मानुएल" वास्ताव में अनोखा है:

बाइबल में ''इम्मानुएल'' शब्द तीन स्थानों पर पाया जाता है (यशायाह 7:14; 8:8; मत्ती 1:23)। इस नाम पर विचार करने पर गहन आध्यात्मिक सच्चाई सामने आती है। एक बाइबिल टिप्पणीकार ने उल्लेख किया कि इस एक नाम में सभी मानवीय जरूरतें और परमेश्वर की पूरी योजनाएँ समाहित है।

अधिकत्तर लोग, चाहे वे किसी भी धर्म के हों, यह स्वीकार करते हैं कि परमेश्वर हमारे साथ है, सर्वव्यापी, सर्वशक्तिमान और सर्वज्ञ है। परन्तु कौन सी बातें शीर्षक ''इम्मानुएल'' को खास बनाती है?पुराने नियम में, ''इम्मानुएल'' आशा, जीत और भविष्यवाणी का शब्द था। नए नियम में, यीशु के जन्म से जुड़ा हुआ, यह नई गहराई और महत्व को

प्राप्त करता है। परमेश्वर ने अपने ही स्वरूप में मनुष्य की सृष्टि की, और जब मनुष्य पाप में गिर गया, तो उसने उसे छुड़ाने और उनके बीच रहने के लिए स्वयं को ''इम्मानुएल'' के रूप में प्रकट किया। जैसा कि सी.एस. लुईस ने कहा, ''परमेश्वर का पुत्र मनुष्य बन गया ताकि मनुष्य परमेश्वर का पुत्र बन सके।'' यीशु मानवता में परमेश्वर के स्वरूप को पुनर्स्थापित करने के लिए मनुष्य बना।

परमेश्वर खोई हुई मानवता को बचाने का प्रयास क्यों करेगा? उत्पत्ति 1:27 हमें बताती है, ''परमेश्वर ने मनुष्य को अपने ही स्वरूप में बनाया'' उत्पत्ति 2:7 मे लिखा है, ''परमेश्वर ने मनुष्य को मिट्टी से रचा और उसके नथनों में जीवन का श्वांस फूँका।'' मनुष्य न केवल परमेश्वर का स्वरूप धारण करता है बल्कि उसकी श्वांस भी धारण करता है। यह दैवीय संबंध सभी लोगों के भीतर परमेश्वर की खोज करने की स्वाभाविक प्रवृत्ति पैदा करता है, चाहे वे इसे पहचानें या नहीं। यहाँ तक कि अलग–थलग जनजातियाँ भी अक्सर अपने स्वरूप में देवताओं का निर्माण करती हैं, जैसा कि संत पौलुस ने एथेंस में ''अज्ञात परमेश्वर'' (प्रेरित 17:23) के बारे में पाया था।

हर इंसान के पास परमेश्वर के अस्तित्व का ''सामान्य रहस्योद्घाटन'' है, परन्तु उसे यीशु मसीह के ''विशेष रहस्योद्घाटन'' की जरूरत है ताकि वह उसे सही मायने में जान सके। संत यूहन्ना स्पष्ट रूप से कहता है, ''जिसके पास पुत्र है उसके पास जीवन है; जिसके पास परमेश्वर का पुत्र नहीं, उसके पास जीवन भी नहीं है'' (1यूहन्ना 5:12)। इम्मानुएल – परमेश्वर हमारे साथ – ही एकमात्र ऐसा परमेश्वर है जो हमारे जीवन को बहाल कर सकता है, पूरा कर सकता है और अर्थ दे सकता है। यीशु मसीह के द्वारा, हमारे पाप क्षमा किए जाते हैं, और सृष्टिकर्ता के साथ हमारा मेल–मिलाप होता है।

इम्मानुएल का राज्य वास्ताव में अनोखा है:

भविष्यवक्ता मीका ने भविष्यवाणी की, ''परन्तु हे बैतलहम एप्राता, यद्यपि तू ऐसा छोटा है कि यहूदा के हजारों में गिना नहीं जाता, तौभी तुझ में से मेरे लिए एक पुरुष निकलेगा, जो इस्राएयिों में प्रभुता करने वाला होगा, और उसका निकलना प्राचीनकाल से वरन् अनादिकाल से होता आया है (मीका 5:2)।'' यीशु, इम्मानुएल, बैतलहम में दीनता के साथ पैदा हुआ था। हालाँकि वह राजा दाऊद के वंश से था, परन्तु उनके परिवार के वंश में रूत, एक मोआबी शामिल है। यीशु आध्यात्मिक इस्राएल का राजा है, सांसारिक राज्यों के नहीं। उनका राज्य अनन्त है, जो जगत की नींव रखने के पहले से ही विद्यमान है। वह धनी होकर भी हमारे लिए कंगाल बना (2कुरिन्थि 8:9), एक ऐसा राजा जो किसी और से अलग था। मरियम की महिमा उनके राज्य का जश्न मनाती है: ''उसने बलवानों को उनके सिंहासनों से गिरा दिया; और दीनों को ऊँचा किया (लूका 1:51–55)।'' क्रिसमस के दौरान, हमें अपने जीवन में उसके राज्य का पुनर्मूल्यांकन करना चाहिए और इसे अपने शब्दों और कार्यों के द्वारा प्रदर्शित करनी चाहिए।

इम्मानुएल का आह्वान वास्ताव में अनोखा है:

जब परमेश्वर मनुष्य बना, तो उसका राज्य इस संसार में आरम्भ हुआ। यीशु का पहला संदेश था, ''परमेश्वर का राज्य निकट आ गया है; मन फिराव और सुसमाचार पर विश्वास करो!'' (मरकुस 1:15)। यीशु ने परमेश्वर के राज्य के बारे में 120 से अधिक बार बात की, उसने इसे वर्तमान और भविष्य दोनों के रूप में वर्णित किया। उसका राज्य आध्यात्मिक रूप से पहले ही शुरू हो चुका है, परन्तु पूर्ण अहसास अभी आना बाकी है। परमेश्वर की इच्छा है कि कोई भी नाश न हो, और सभी लोग उसे जानें। हमें पृथ्वी पर उसका राज्य फैलाने के लिए बुलाया गया है। भारत, जहाँ परमेश्वर के असंख्य साधक हैं, को यह जानने की आवश्यकता है कि केवल इम्मानुएल ही उनके खालीपन को भर सकता है और पूर्णता ला सकता है। यीशु के माध्यम से, वे सच्चे सृष्टिकर्ता के साथ संगति कर सकते हैं।

इम्मानुएल का उद्देश्य सचमुच अनोखा है:

क्रिसमस के अंतरंग में एक मिशन है। क्रिसमस परमेश्वर के मिशन को दर्शाता है। यीशु, सबसे महान क्रॉस–कल्चरल मिशनरी, स्वर्ग की महिमा से एक महिला के गर्भ में आया। उनकी कलीसिया के रूप में, हमें संस्कृतियों के पार मिशनरियों को भेजना चाहिए, हर जनजाति, भाषा और राष्ट्र से उपासकों को उनके पास लाना चाहिए। जब हम क्रिसमस मनाते हैं, तो हमें मसीह के पहले आगमन

को याद रखने की जरूरत है और उन लोगों तक पहुँचकर उनके दूसरे आगमन की तैयारी करने की जरूरत है जिन्होंने अभी तक उसके बारे में नहीं सुना है।

क्या मैं अनोखा हूँ? मैं कौन हूँ?

हाँ, मैं कौन हूँ जो इम्मानुएल की महिमा और प्रतिज्ञा को प्राप्त करूँ? इम्मानुएल का अनोखा वादा मसीह द्वारा दिए गए सबसे गहरे आश्वासनों में से एक है, खासकर जब वह कहता है, ''और देखो, मैं जगत के अंत तक सदा तुम्हारे साथ हूँ (मत्ती 28:20)।'' यह प्रतिज्ञा सिर्फ उसके मूल शिष्यों के लिए नहीं था, बल्कि उन सभी विश्वासियों के लिए है जो सुसमाचार फैलाने का मिशन को अपनाते हैं।

मसीह के जन्म के माध्यम से, परमेश्वर हमारे स्थान, समय और इतिहास में प्रवेश करता है, और इससे भी अधिक वह हम प्रत्येक के व्यक्तिगत जीवन में प्रवेश करता है। मसीह इम्मानुएल है – परमेश्वर हमारे साथ। परमेश्वर आज हम में से प्रत्येक के साथ एक गहरे व्यक्तिगत रूप में है। यीशु मसीह महिमा का मार्ग है। प्रभु यीशु न केवल यह चाहता है कि हम उसकी महिमा के साक्षी बनें; परन्तु वह अपनी महिमा को हमारे साथ साझा करना चाहता है। यदि हम उनकी विनम्रता के पदचिन्हों पर चलें और उनकी महिमा के गवाह बनें तो हममें से प्रत्येक के लिए महिमा का मुकुट प्रतीक्षा कर रहा है (2कुरिन्थि 3:18)। जैसे–जैसे क्रिसमस का मौसम अपने वैभव के साथ हमें घेरता है, 2,000 साल पहले यीशु के जन्म की महिमा और उसका सबसे बड़ी प्रतिज्ञा, ''मैं सदा तुम्हारे साथ हूँ (मत्ती 28:20) हमारे दिल और दिमाग को विस्मय से भर सकता है। आईए हम चिंतन करें: मैं कौन हूँ जो परमेश्वर से ऐसा अवर्णनीय उपहार प्राप्त करूँ? (2कुरिन्थि 9:15)।

– रेव्ह. डॉ. जे.जे. हैरिस
सचिव, एफ.एम.पी.बी.मुख्यालय

रविवार 11–08–24 नरसापुर के जीडीएम असेंबली में 5 मिशनरियों के समर्पण सेवा के लिए परमेश्वर की स्तुति हो। राजस्थान के गोजिया क्षेत्र के मिशनरी का प्रायोजन **सुश्री कोम्मारा मिन्नी ग्रेस** द्वारा और अन्य मिशनरी को **श्री वी जयराज** द्वारा प्रायोजित किया जा रहा है। महाराष्ट्र के अल्लापल्ली क्षेत्र के एक मिशनरी को **श्री वी प्रेम और श्री वी कलाधर** द्वारा प्रायोजित किया जा रहा है, झारखंड के संताल क्षेत्र के एक मिशनरी को **नरसापुर जीडीएम असेंबली** द्वारा प्रायोजित किया जा रहा है और महाराष्ट्र के एट्टापल्ली क्षेत्र के एक मिशनरी को **श्री कोम्मारा मैथ्यू डैनियल** द्वारा प्रायोजित किया जा रहा है। यह समर्पण सेवा नरसापुर जीडीएम असेंबली में आयोजित की गई थी और समर्पण प्रार्थना का संचालन भाई के. फ्रांसिस पॉल और समिति के सचिव श्री जयरत्नम और संयुक्त सचिव और पादरी श्री के. फ्रांसिस पॉल के साथ–साथ रेव्ह. प्रशांत मीसाला सचिव मोबिलाइजेशन पश्चिमी गोदावरी द्वारा किया गया था। हम उन सभी प्रायोजकों के लिए परमेश्वर को धन्यवाद देते हैं जो अपनी प्रार्थना और वित्त के माध्यम से हमारे मिशनरियों को आगे बढ़ाने के लिए आगे आए हैं।

– रेव्ह. प्रशांत मीसाला, सचिव– मोबिलाइजेशन पश्चिमी गोदावरी

हम रेव्ह. सैमुअल बाबू बायरापोगु और उनकी कलीसिया बेथानी बैपटिस्ट चर्च को धन्यवाद देते हैं, जिन्होंने मिशनरी का समर्थन करने के लिए आगे आए। परमेश्वर की अनुग्रह से 29 सितंबर को राजस्थान के हमारे मिशनरी का समर्पन किया गया। हम उन प्रायोजकों को धन्यवाद देते हैं, जो अपनी प्रार्थना और वित्तीय सहायता के माध्यम से इस मिशनरी का समर्थन कर रहे हैं।

– **एफ.एम.पी.बी. परिवार**, सिकंदराबाद

बहन कमला और उनकी कलीसिया होप इवेंजेलिकल चर्च एक मिशनरी का समर्थन करने के लिए आगे आए।

जम्मू में कार्यरत हमारे मिशनरी का समर्पन सितम्बर माह के 29 तारीख को परमेश्वर की महिमा के लिए किया गया।

हम कलीसिया के लिए परमेश्वर को धन्यवाद देते हैं जो मिशनों का समर्थन करने के लिए आगे आया।

– **एफ.एम.पी.बी. परिवार**, सिकंदराबाद

अथमाला संघम चर्च अपने तीसरे मिशनरी का समर्थन करने के लिए आगे आया।

बिहार में सेवकाई कर रहे मिशनरी का समर्वण 7 अक्टूबर को परमेश्वर की महिमा के लिए समर्पित था।

हम उनकी प्रार्थनाओं और निरंतर समर्थन के लिए भगवान को धन्यवाद देते हैं।

– **पादरी साम बेनी**

छत्तीसगढ़ में कार्यरत हमारे मिशनरी का समर्पण 27 अक्टूबर को न्यू लाइफ चर्च–गुंटूर में भाई मोसेस प्रणीत द्वारा किया गया। उन्हें श्रीमती चंद्रकला द्वारा प्रायोजित किया गया है। हम प्रायोजक के लिए वरमेश्वर को धन्यवाद करते हैं जो अपनी प्रार्थना और वित्त के माध्यम से हमारे मिशनरी का समर्थन करने के लिए आगे आए।

– **रेव्ह. प्रशांत कुमार,** गुंटूर

रतिया

कलीसिया का इतिहास

रतिया मिशन क्षेत्र, हरियाणा प्रदेश, उत्तरी अंचल,

द्वारा संकलित : **श्रीमती डी. एग्नेस एडवर्ड**

सामान्य इतिहास

रतिया शहर का नाम एक हिंदू साधु रतन नाथ के नाम पर रखा गया है। लगभग 6,000 साल पुराना यह स्थल अपने भीतर एक समृद्ध विरासत समेटे हुए हैं और अतीत से इसके संबंध संभवतः हरियाणा और देश के इतिहास का पता लगाने में मदद कर सकती है। यह फतेहाबाद से लगभग 23 कि.मी. उत्तर में घग्गर नदी के तट पर स्थित है। इसकी औसत ऊँचाई समुद्र तल से 210 मीटर (688 फीट) है।

आरम्भ

रतिया मिशन क्षेत्र 1.7.1994 को खोला गया था और रतिया के अग्रणी मिशनरी श्री राजा एडविन मोसेस और श्रीमती वनिता रानी थे । 15 जुलाई 1994 को मिशनरी परिवार रतिया क्षेत्र में पहुँचा। अगस्त 1994 में मिशनरी दंपत्ति को मसीही विरोधी लोगों से धमकियों का सामना करना पड़ा। उन्हें अन्य देवताओं के नामों का उच्चारण करने के लिए कहा गया, परमेश्वर ने प्रार्थनाओं के माध्यम से मिशनरियों की रक्षा की और उन्हें मसीह के लिए आत्माओं को जीतने में सहायता प्रदान की।

श्री राजा एडविन मोसेस एवं परिवार

रतिया मिशन क्षेत्र के आधिकारिक रूप से खुलने से पहले, मिशनरी श्री राजा एडविन मोसेस और श्री देवा अनबुकन 1993 में हर सोमवार को रतिया आया करते थे और सुसमाचार सामग्री वितरित किया करते थे। एक यात्रा के दौरान, भगत सिंह चौक पर सुसमाचार पुस्तकों की घोषणा करते समय उन्हें एक हिंसक भीड़ का सामना करना पड़ा। उन्हें एक सशस्त्र तमिल सैनिक ने बचाया, जिसने उन्हें क्षेत्र में कड़े विरोध के बारे में चेतावनी दी।

शुरुआत में, गाँव वालों ने सुसमाचार के प्रति सकारात्मक प्रतिक्रिया दी, चमत्कारों के कारण लोगों ने हृदय परिवर्तन किया, खास तौर पर एमपी सोतर के एक मुस्लिम परिवार द्वारा मसीह को स्वीकार करने के बाद। दुष्ट आत्मा से पीड़ित उनके एक रिश्तेदार, **श्री बीरबल** ने मिशनरियों से

मदद मांगी, जिन्होंने उनके परिवार के लिए प्रार्थना की, जिसके परिणामस्वरूप उनका उद्धार हुआ और 1997 में उसने मसीह को स्वीकार कर लिया। उन्हें श्री राजा एडविन मूसा ने बपतिस्मा दिया और उसने दूसरों के साथ सुसमाचार साझा करना आरम्भ कर दिया।

"24 दिसंबर, 1999 को रतिया कलीसिया का प्राचीन, श्री. बीरबल ने अपने मित्र श्री मगर सिंह को सुसमाचार सुनाया, जिनका परिवार आध्यात्मिक बंधन से पीड़ित था। क्रिसमस के दिन, दोनों परिवार आराधना में शामिल हुए, जहाँ उनके लिए प्रार्थना की गई। उस रात, श्री मगर ने शैतान को रोते हुए देखा कि वह अब उनके घर में नहीं रह सकता क्योंकि यीशु आ गया है। श्रीमती बीरबल ने भी ऐसा ही सपना देखा था जिसमें एक दुष्ट आत्मा ने उनसे एक नया घर माँगा था, और उन्होंने उसे नरक में भेज दिया था। 26 दिसंबर तक में श्री मगर के परिवार को पूरी राहत मिली और उन्होंने अपनी गवाही साझा करना आरम्भ कर दिया।

रतिया कलीसिया के प्राचीन **हीरालाल** मूल रूप से उत्तर प्रदेश के फरीदाबाद जिले के एक गाँव से थे, वे रविदास चमार समुदाय से थे और चालीस साल पहले रतिया चले आए थे। हिंदू पुजारियों के परिवार में पले–बढ़े, उन्हें अपने पिता की मृत्यु के बाद गंभीर स्वास्थ्य समस्याओं का सामना करना पड़ा और एक तांत्रिक द्वारा यह बताए जाने के बाद कि वे चालीस दिनों के भीतर मर जाएगा, वे निराश महसूस करने लगे। निराशा में, उन्होंने निष्कर्ष निकाला कि कोई परमेश्वर नहीं है। हालाँकि, श्रीमती संतोष नामक एक विश्वासी ने उन्हें सुसमाचार से परिचित कराया, और उन्हें पादरी राजा एडविन मोसेस के नेतृत्व में एक सत्संग में भाग लेने के लिए प्रोत्साहित किया। ''हे सब परिश्रम करने वाले और बोझ से दबे हुए लोगों, मेरे पास आओ, मैं तुम्हें विश्राम दूँगा'' बाईबल वचन के द्वारा प्रेरित होकर हीरालाल ने धीरे–धीरे यीशु पर विश्वास करना शुरू कर दिया। अपनी पत्नी द्वारा प्रार्थना की एक महत्वपूर्ण रात के बाद, वे पूरी तरह से चंगे हो गए और पूरे हृदय से मसीह का अनुसरण करने का फैसला किया। हीरालाल ने जो पहले शराब, क्रोध और हिंसा से जूझ रहे थे, एक परिवर्तनकारी शक्ति का अनुभव किया। उन्हें, उनकी पत्नी सुनीता और उनके चार बच्चों को 4 मार्च, 2001 को सोतर दानी में बपतिस्मा दिया गया। हीरालाल ने रतिया कलीसिया के निर्माण में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई और अपने भाई–बहनों के साथ मिलकर सेवकाई में सक्रिय रूप से शामिल रहे, जो विभिन्न पदों पर सेवा करते हैं। उनके छोटे भाई, साम सुंदर ने अपने सहपाठी कुलविंदर के साथ सुसमाचार भी साझा किया।

ये लोग सोतर चर्च में रविवार की आराधना में भाग लेते थे। कुछ समय बाद, उन्होंने मिशनरियों से रतिया में ही आराधना करने का अनुरोध किया। इसलिए मिशनरी, श्री राजा एडविन मोसेस ने रतिया के शक्ति नगर में अपने घर पर आराधना शुरू की। रतिया में पहली आराधना में चार मसीही नर्सिंग छात्रों के साथ कुल 10 लोगों ने भाग लिया।

कलीसिया का विकास

सुसामचार की आग ओड़े राजपूत समुदाय में भड़क उठी और यह आग गाँवों में भी फैल गई। परमेश्वर ने लोगों के जीवन में आश्चर्यजनक चमत्कार किया जिसके परिणामस्वरूप कई लोगों ने मसीह को स्वीकार कर लिया और कलीसिया में शामिल हो गए। विश्वासियों की कुछ गवाही नीचे दी गई है।

सुश्री मोना@देवी रानी (पत्नी श्री जय बीर सिंह)

रतिया की श्रीमती देवी रानी जयबीर का पालन–पोषण एक हिंदू परिवार में हुआ और वे भगवान शिव की भक्ति करती थीं। 10वीं कक्षा की परीक्षा के दौरान उपवास और प्रार्थना करने सहित अपने प्रयासों के बावजूद, वे दो विषयों में असफल

रहीं, जिससे उनका ईश्वर में विश्वास खत्म हो गया। इस चुनौतीपूर्ण समय में, रेव्ह. राजा एडविन मोसेस ने उन्हें यीशु पर भरोसा करने और जेम्स 1:5 को याद करने के लिए प्रोत्साहित किया। ऐसा करने के बाद, उन्होंने सफलतापूर्वक अपनी परीक्षाएँ उत्तीर्ण कीं, जिसने उन्हें 25 मई, 2003 को पूरी तरह से मसीही धर्म अपनाने और अपने विश्वास को स्वीकार करने के लिए प्रेरित किया। अपने बपतिस्मा के बाद, उन्हें प्रभु की सेवा करने का आह्वान महसूस हुआ और उन्होंने फरीदाबाद के एक बाइबिल कॉलेज में धर्मशास्त्र की शिक्षा प्राप्त की। अपनी पढ़ाई पूरी करने के बाद, वे रतिया में एक स्थानीय प्रचारक बन गईं और 11 जून, 2008 को FMPB में पूर्णकालिक मिशनरी के रूप में शामिल हो गईं।

स्थानीय प्रचारक, श्री गुरुप्रीतः रतिया के गुरुप्रीत मूर्तिपूजक परिवार में पले–बढ़े, उनके पिता भूत–प्रेत से ग्रस्त मंगल सिंह एक ज्योतिषी के रूप में कार्य करते थे। बीस वर्षों तक, उन्होंने अपने घर में अनुष्ठान और सभाएँ आयोजित कीं। हालाँकि, एक महत्वपूर्ण घटना के बाद, मंगल गंभीर रूप से बीमार पड़ गया, दर्द से पीड़ित होने के कारण परिवार ने मंदिरों और बलि के माध्यम से उपचार की तलाश की, परन्तु कोई फायदा नहीं हुआ। आखिरकार, गुरुप्रीत के चाचा मंगल को जमालपुर में पादरी ओम प्रकाश के पास ले गए, जहाँ उसे कुछ राहत मिली। हालाँकि गुरुप्रीत ने शुरू में अपने देवताओं से डर के कारण मसीह को स्वीकार करने का विरोध किया, परन्तु अंततः वह अपने पिता के साथ कलीसिया में गया और ढोलक बजाते समय उसका हृदय परिवर्तन हुआ। मंगल ने अपनी मूर्तियों को त्याग दिया और वे नियमित रूप से एमपी सोतर कलीसिया में भाग लेने लगे। 2009 में, गुरुप्रीत और उनके परिवार ने मसीह को स्वीकार कर लिया, उनके माता–पिता ने 2010 में अपने विश्वास को स्वीकार किया। उन्हें बाबू भैया ने बपतिस्मा दिया और कलीसिया में सेवा करना आरम्भ कर दिया। सेवकाई में प्रवेश करने की उनकी इच्छा के बावजूद, वित्तीय बाधाओं ने उन्हें तब तक रोके रखा जब तक कि वे टॉइफाइड से बीमार नहीं पड़ गए। ठीक होने के बाद, उनके पिता ने उन्हें मिशनरियों के साथ काम करने की अनुमति दे दी, जिससे अंततः उनके पिता का हृदय बदल गया, और परिणामस्वरूप गुरुप्रीत 2012 में आधिकारिक रूप से प्रभु की सेवा में शामिल हो गए।

सामाजिक परिवर्तन

मिशनरियों द्वारा लाए गए सुसमाचार ने न केवल उनके हृदयों को परिवर्तित किया, बल्कि उनमें सामाजिक परिवर्तन भी लाया और वे गरीबी से ऊपर उठने में सक्षम हुए।

आराधना विवरण

रतिया के विश्वासियों ने एमपी सोतर कलीसिया की आराधना में भाग लिया, परन्तु बाद में उन्होंने अनुरोध किया कि मिशनरी रतिया में सेवाएं आयोजित करें। मिशनरी राजा एडविन मोसेस ने शक्ति नगर में अपने घर पर आराधना की मेजबानी शुरू की, जिसमें स्थानीय विश्वासियों और चार मसीही नर्सिंग छात्रों ने भाग लिया। जैसे–जैसे उपस्थिति बढ़ी, उन्होंने एक बड़े स्थान की तलाश की, शुरुआत में विश्वासी कालू के छोटे भाई के घर का उपयोग किया। वहाँ असुविधाओं के कारण, स्थानीय सहयोग से 2006 में 80,000 रुपये की लागत से एक अस्थायी शेड का निर्माण किया गया था।

कलीसिया की भूमि एवं निर्माण

रतिया कलीसिया के लिए 12 मरला जमीन श्री पहलवान से 12,00,000 रुपये में खरीदी गई थी। ओड़े राजपूत, राय सिख, बाजीगर, धानुक और बाल्मीकी समुदायों के सदस्यों वाली मण्डली को निर्माण के दौरान विरोध का सामना करना पड़ा। चुनौतियों के बावजूद, रेव्ह. राजा एडविन मोसेस और विश्वासियों ने प्रार्थना के माध्यम से दृढ़ता बनाए रखी। कलीसिया भवन की नींव 21 जून 2011 को रखी गई थी, और 25 नवंबर 2011 को परमेश्वर की महिमा के लिए रेव्ह. क्रिस्टोफर थॉमस द्वारा समर्पित किया गया। योगदान विभिन्न विश्वासियों से आया, जिसमें एक दानकर्ता से 100

सीमेंट बैग और एक अन्य अनाम समर्थक से 2,00,000 रुपये शामिल था। कई लोगों ने निर्माण के लिए श्रमदान और संसाधन प्रदान किए। श्रीमती वनिता रानी ने इस दौरान उल्लेखनीय रूप से पाँच महीने तक उपवास किया।

रतिया में विरोध का इतिहास

मिशनरियों को अक्सर हिंदू कट्टरपंथियों के विरोध का सामना करना पड़ता था, जिसके कारण मकान मालिकों की ओर से उन्हें घर खाली करने के लिए धमकियाँ और दबाव दिया जाता था। एक वार्ड सदस्य ने तो उन्हें नुकसान पहुँचाने की भी धमकी दी, परन्तु बाद में उसे गंभीर स्वास्थ्य समस्या का सामना करना पड़ा, जिसके परिणामस्वरूप मधुमेह के कारण उसका पैर काटना पड़ा। इसके अलावा, ईसाई धर्म का विरोध करने वाले एक स्थानीय युवा नेता ने मिशनरियों के फोन कॉल पर नजर रखी, परन्तु पास के एक तमिल परिवार ने मिशनरियों को उसके कार्यों के बारे में सूचित कर दिया।

चर्च की गतिविधियाँ एवं जानकारी

आउटरीच सेवा

कलीसिया के प्राचीन गाँवों में साप्ताहिक आउटरीच का आयोजन करते हैं, सुसामचार साहित्य वितरित करते हैं और सुसमाचार का प्रचार करते हैं, जो रतिया कलीसिया में 90 प्रतिशत बपतिस्मा का श्रेय इन्हीं लोगों को जाता है। वे हर शनिवार को बच्चों की कक्षाएं आयोजित करते हैं, जिसमें 50 से 70 बच्चे भाग लेते हैं, जिनका नेतृत्व स्थानीय प्रचारक श्री गुरुप्रीत और उनका परिवार करते हैं। मासिक युवा सभाएँ होती हैं, और महिलाएँ हर मंगलवार को विभिन्न विषयों के लिए प्रार्थना को इकट्ठी होती हैं। बुधवार को उपवास प्रार्थनाएँ आयोजित की जाती हैं। कलीसिया के प्राचीनों, स्थानीय प्रचारकों और मिशनरियों के नेतृत्व में साप्ताहिक रविवार की सेवाओं में 70 से 100 लोग शामिल होते हैं। रतिया कलीसिया के सदस्यों की कुल संख्या 989 है।

रतिया कलीसिया से पूर्णकालिक कार्यकर्ता

श्रीमती देवी रानी जयबीर सिंह राजस्थान के एक मिशन क्षेत्र में FMPB के साथ पूर्णकालिक मिशनरी के रूप में प्रभु की सेवा कर रही हैं, उनके छोटे भाई श्री साम सुंदर हरियाणा क्षेत्र में स्थानीय प्रचारक के रूप में प्रभु की सेवा कर रहे हैं। रतनगढ़ गाँव की श्रीमती गुरुप्रीत भी महाराष्ट्र में FMPB के साथ पूर्णकालिक मिशनरी के रूप में प्रभु की सेवा कर रही हैं। इसके अलावा, रतिया के श्री विकास मसीह और श्री गुरुप्रीत हरियाणा क्षेत्र में स्थानीय प्रचारक के रूप में प्रभु की सेवा कर रहे हैं। रतिया के श्री इंद्रजीत एक स्वतंत्र पादरी के रूप में सेवा करते हैं।

आपकी प्रार्थनाएँ हमारी जीत हैं

मध्य प्रदेश के बागली के प्रचारक दीपक पर एक कदन की रात सभा में जाते समय भीड़ ने हमला किया। भीड़ ने उन्हें पीटा, उनका मोबाइल, बाईबल और चढ़ावे के पैसे छीन लिए और फिर उन्हें दो मंदिरों में ले गए। हंगामे के बाद विश्वासियों ने उन्हें किसी तरह बचाया। उन पर झूठे आरोप लगाए गए, जिसमें दावा किया गया कि उन्होंने परमेश्वर की तस्वीरें हटा दी हैं और लोगों से यीशु को स्वीकार करने को कहा है। 12 अक्टूबर 2024 को, दिनेश मावड़ा, हरि बाबा, जीबन और अर्जुन को एक प्रार्थना सभा के बाद हिरासत में लिया गया। कई बार जमानत खारिज होने के बाद, अर्जुन को 21 अक्टूबर को रिहा कर दिया गया और दीपक को अग्रिम जमानत मिल गई। दिनेश, जीबन और हरि को 14 नवंबर को जमानत मिल गई और 15 नवंबर को बागली जेल से रिहा कर दिया गया। चुनौतियों के बावजूद, परमेश्वर की अनुग्रह और देश भर के विश्वासियों की प्रार्थनाओं ने उन्हें सहारा दिया। हम शांति, मामलों के समाधान और सेवकाई जारी रखने की स्वतंत्रता के लिए निरंतर प्रार्थना की अपेक्षा करते हैं।

पथ प्रदर्शक

जोहन्न लियोनहार्ड डोबर

जोहन्न लियोनहार्ड डोबर का जन्म मार्च 1706 में स्वाबिया, जर्मनी के मोन्च्रोथ में जोहन्न डोबर और अन्ना बारबरा लिंक के परिवार में हुआ था। उन्होंने अपनी युवावस्था में अपने पिता से मिट्टी के बर्तन बनाने का काम सीखा था। 17 साल की उम्र में, उन्होंने हेरनहुत में एक मोरावियन कलीसियाई सेवा में भाग लेने के दौरान प्रभु को अपने व्यक्तिगत उद्धारकर्ता के रूप में स्वीकार किया।

24 जुलाई, 1731 को आयोजित एक सभा में, काउंट निकोलस लुडविग जिनजेंडोर्फ ने एकत्रित भाईयों के साथ वह साझा किया जो उन्होंने संत थॉमस के डेनिश द्वीप के एक भूतपूर्व गुलाम एंथोनी उलरिच से सुना था, जो कैरिबियन गुलामों के बीच सुसमाचार के महान अवसर के विषय में था। उस रात डोबर सो नहीं सका। उसने महसूस किया कि एक पश्चिमी भारतीय गुलाम उससे अपने द्वीप पर आने और आध्यात्मिक अंधकार में पीड़ित लोगों तक मसीह का संदेश पहुँचाने के लिए विनती कर रहा था। उसने महसूस किया कि अगर वह गुलामों के बीच सेवा करना चाहता है, तो उसे स्वयं को एक गुलाम के रूप में बेचना होगा। क्रूर पिटाई, प्रचण्ड गर्मी, अस्वास्थ्यकर परिस्थितियाँ और गुलामी की नीच अवस्था ने उसके दिमाग को परेशान कर दिया। पीड़ित गुलामों के बारे में सोचना दिन–रात उसके दिल पर भारी पड़ता था। उसने महसूस किया कि परमेश्वर उसे बलिदानिक जीवन के लिए बुला रहा था।

जब डोबर ने अपने दोस्त तोबियास ल्यूपोल्ड के साथ अपना बोझ को साझा किया, तो उसे यह जानकर आश्चर्य हुआ कि उसका दोस्त भी उतना ही बोझिल था। साथ में, वे प्रार्थना में घुटनों के बल बैठे और व्यक्तिगत सुख–सुविधाओं या इच्छाओं की परवाह किए बिना परमेश्वर के आह्वान का पालन करने का निर्णय लेते हुए, परमेश्वर के कार्य के निमित स्वयं को पुनः समर्पित कर दिया। उन्होंने काउंट जिनजेंडोर्फ को अपनी समर्पण के बारे में बताया। हालाँकि परमेश्वर की सेवा करने की उनकी इच्छा बहुत उत्साहजनक थी, परन्तु मोरावियन भाइयों ने आरम्भ में एक वर्ष तक कोई कदम नहीं उठाया क्योंकि डोबर और ल्यूपोल्ड युवा थे। आखिरकार, उन्होंने कलीसिया के अगुवों को लिखित रूप में अपनी इच्छा बताई। हालाँकि उन्हें उपहास और विरोध का सामना करना पड़ा, परन्तु वे दृढ़ रहे और काउंट जिनजेंडोर्फ की सलाह के अनुसार, लॉटरी निकालकर परमेश्वर की इच्छा को

समझने का प्रयास किया। लॉटरी के द्वारा संकेत मिला कि डोबर को जाना चाहिए, प्रभु ने उसके बुलावे की पुष्टि की और उसे अपने दोस्त का इंतजार करने के लिए कहा। इसलिए, डेविड निट्सचमैन नामक एक बढ़ई को डोबर के साथ जाने के लिए चुना गया, और वे दोनों कैरिबियन के लिए निकल पड़े।

संत थॉमस में सेवकाई :

काउंट जिंजेंडोर्फ ने उन्हें यात्रा पर भेजने से पहले उनके लिए प्रार्थना की और उन्हें आशीष दी। डोबर और निश्चमन वेस्ट इंडीज जाने वाले जहाज पर सवार हुए और कोपेनहेगन की यात्रा की। वहाँ के अधिकारी उनके साहस से चकित थे और उन्होंने पूछा कि वे बिना वित्तीय सहायता के कैसे जीने की योजना बना रहे हैं। उन्होंने उत्तर दिया कि वे गुलामों के बीच गुलाम के रूप में काम करेंगे। अधिकारी शुरू में गोरों को गुलाम बनने की अनुमति देने के लिए अनिच्छुक थे, परन्तु वे समझ गए कि स्वयं गुलाम बने बगैर, डोबर और निश्चमन को गन्ने के खेतों में काम करने वाले गुलाम लोगों को सुसमाचार का प्रचार करने का अवसर मिल नहीं सकता मिशनरियों की दृढ़ प्रतिबद्धता को समझते हुए, अधिकारियों ने उन्हें 8 अक्टूबर, 1732 को अपनी यात्रा पर निकलने की अनुमति दे दी।

दो महीने बाद, वे संत थॉमस पहुँचे, जहाँ उन्होंने गुलामों को सुसमाचार का प्रचार करना शुरू किया। उनकी उम्मीदों के विपरीत, गुलामी का जीवन उतना कठोर नहीं था जितना कि उन्हें डर था। वे एक मिट्टी की झोपड़ी में रहते थे और तीन महीने तक साथ काम करते थे। हालाँकि डोबर गुलामों की सेवा करने के लिए गुलाम बनने के लिए तैयार था, परन्तु परमेश्वर की अनुग्रह से, वह मिट्टी के बर्तन बनाने और बढ़ईगीरी में अपने कौशल का उपयोग स्वयं का समर्थन करने के लिए करने में सक्षम रहा। परिणामस्वरूप, लोगों ने डोबर से प्रेम करना और उस पर भरोसा करना शुरू कर दिया, जिसने मसीह में लोगों को स्वतंत्र करने के लिए स्वेच्छा से एक दास की स्थिति को स्वीकार किया था। समय के साथ, परमेश्वर की दया और कृपा के शुभ समाचार से अंधेरे दिलों को रोशन किया गया। उनकी सेवकाई के माध्यम से, 13,000 से अधिक लोग सुसमाचार द्वारा परिवर्तित जीवन में आए। यह मोरावियन मिशनरी आंदोलन की शुरुआत थी, जो दुनियाँ के सबसे दूर के इलाकों में सुसमाचार फैलाने वाली अग्रणी शक्ति बन गई।

अंतिम काल :

1734 में, डोबर सेवकाई के अन्य उद्देश्य से जर्मनी लौट आए। हालाँकि, वेस्ट इंडीज में सुसमाचार के लिए उन्होंने जो नींव रखी थी, वह बढ़ती रही, मोरावियन मिशनरियों ने संत थॉमस, सेंट जॉन्स, जमैका, एंटीगुआ और बारबाडोस के द्वीपों पर कलीसियाएँ स्थापित की गईं। बाद में अन्य मिशनरी आंदोलनों ने कैरिबियन में काम को जारी रखा। सम्पूर्ण यूरोप में 30 से अधिक वर्षों तक यात्रा करने और सेवा करने के बाद, 1766 में डोबर का निधन हो गया, और उन्होंने सुसमाचार के लिए बलिदानपूर्ण सेवा की विरासत छोड़ी।

परिणाम :

यीशु मसीह ने अपने आप को ऐसा शून्य कर दिया, और दास का स्वरूप धारण किया, और मनुष्य की समानता में हो गया (फिलिप्पी 2:7)। क्या हम जोहन्न लियोनहार्ड डोबर के उदाहरण का अनुसरण करने के लिए तैयार हैं, जिन्होंने मसीह के उदाहरण का अनुसरण करते हुए, वेस्ट इंडीज में गुलामों तक सुसमाचार को पहुँचाने के लिए अपने आराम और यहाँ तक कि अपनी स्वतंत्रता का भी त्याग कर दिया था? क्या हम अपनी स्वयं की सुविधाओं से पहले नाश होने वाली आत्माओं की जरूरतों को प्राथमिकता देने के लिए तैयार हैं?

हे प्रभु, मुझे दास का हृदय दीजिए ताकि तेरे नाम की महिमा मेरे द्वारा हो। आमीन!

फ्रेंड्स मिशनरी प्रार्थना बैंड

दक्षिणी अंचल

हुबली क्षेत्र रजत जयंती समारोह– (1999–2024)

17 अक्टूबर 2024

रजत जयंती समारोह का आरम्भ क्षेत्रीय सचिव रेव्ह. सुनील कुमार की प्रार्थना के साथ हुई। अतिथियों का स्वागत अपने सांस्कृतिक परिधानों में नृत्य करके किया और उन पर फूलों की वर्षा की। श्रीमती कविता थिम्मेश ने प्रार्थना की और श्री नरेन्द्र कुमार ने गायन दल के साथ स्तुति और आराधना सत्र का नेतृत्व किया। रेव्ह. मंज्या नायक ने भजन पढ़ा। क्षेत्रीय सचिव ने अगुवों का स्वागत किया और माला पहनाकर सम्मानित किया। हमारे महासचिव ने "मैं कौन हूँ" पर ईश्वर के वचन को साझा किया, जिसका अनुवाद रेव्ह. डैनियल विजयराज ने किया। इसके बाद बंजारा सांस्कृतिक नृत्य प्रस्तुत किए गए।

दूसरे सत्र में संदेश स्थानीय पादरी और एफ.एम.पी.बी. समर्थक पास्टर ओबुल राव ने प्रेरितों के काम 7:20–22 पर दिया। इस पर उन्होंने कहा, हमें चंदन की तरह खुशबू देनी चाहिए, हमें नमक की तरह घुल जाना चाहिए और मोमबत्ती की तरह जल जाना चाहिए। इसके बाद सभी क्षेत्र के विश्वासियों और समिति के सदस्यों ने मेहमानों को शॉल और मैसूर निर्मित पगड़ी पहनाकर सम्मानित किया और रजत जयंती का स्मृति चिन्ह प्रदान किए। विश्वासियों के बच्चों ने एक विशेष नृत्य प्रस्तुत किया।

कलीसिया का इतिहास समिति के कोषाध्यक्ष श्री सम्राट और शिराहट्टी कलीसिया का प्राचीन द्वारा साझा किया गया। 1993 में रेव्ह. केनेथ करियप्पा इस क्षेत्र में अग्रणी मिशनरी थे। पहला मिशन क्षेत्र मुंडागरी था और पहला चर्च शिराहट्टी में बनाया गया। इसे 1999 में शिराहट्टी चर्च में फ्रेंड्स मिशनरी प्रेयर बैंड को सौंप दिया गया था। प्रथम अंतर सांस्कृतिक मिशनरी रेव्ह. डेविड पेरुमल, प्रथम क्षेत्रीय सचिव रेव्ह. एन.जे.सुमन्था, प्रथम अंचलीय सचिव रेव्ह. वी. थॉमस उथांगराई थे और एफ.एम.पी.बी. को सौंपे जाने के बाद पहले विश्वासी श्री नंदू राठौड़ बंजारा समुदाय थे।

सभी मिशनरी और स्थानीय प्रचारकों को महासचिव एवं अंचलीय सचिव द्वारा शॉल, माला और स्मृति चिन्ह देकर सम्मानित किया गया। स्थानीय दानकर्ता श्री पक्कीरेश कप्पथनावर, ने चर्च बनाने के लिए जमीन निःशुल्क दे दी। तीसरा संदेश हमारे महासचिव के द्वारा यूहन्ना 2:1–11 पर चर्चा की गई और उन्होंने राष्ट्र के लिए प्रार्थना करने और प्रोत्साहित किया अपने लोगों को सुसमाचार सुनाने के लिए प्रेरित किया। समापन प्रार्थना महासचिव द्वारा की गई एवं अंचलीय सचिव द्वारा आशीर्वाद दिया गया।

इस उत्सव में लगभग 885 लोगों ने भाग लिया। हमारे बहुत से विश्वासी अपने स्वयं के खर्च पर वाहन किराये पर लेकर सभी मिशन से आये थे उन्होंने उत्सव की पूरी कजम्मेदारी अपने हाथों में ली थी और समिति के सभी सदस्यों ने पूर्ण रूप से भाग लिया। परमेश्वर की महिमा हो।

FINANCE DEPARTMENT

FMPB Bank Account details for sending the offering through online transaction

A/c Name: **FRIENDS MISSIONARY PRAYER BAND**

ICICI - A/c No. 602701216912 - IFS Code ICIC0006027 - Branch: Anna Nagar

ICICI Bank UPI ID: fmpb01@icici

SBI - A/c No. 10402752621 - IFS Code SBIN0000987 - Branch: Ambattur

Indian Bank - A/c No. 406157474 - IFS Code IDIB000A599 - Branch: Vijayalakshmipuram, Ambattur

Kindly contact us: **fnance@fmpb.org, WhatsApp: 7904648270**

QR CODE

facilities t o send your off ertory

Kindly avail the BARCODE facility also to send your offertory to the ministries of FMPB.

अग्निमय

नवोदया युवा शिविर

10 से 12 अक्टूबर 2024
विशाखापत्तनम

बंगाल की खाड़ी के नजदीक पहाड़ों की प्राकृतिक सुंदरता से घिरा हुआ बड़ा, सुंदर और विशाल सीडर इंटरनेशनल स्कूल परिसर, विज़ाग और भीमिली जैसे विभिन्न पड़ोसी स्थानों और अन्य स्थानों जैसे श्रीकाकुलम, समालकोट, काकीनाडा, राजमुंडरी और विजयवाड़ा आए हुए 165 युवा लड़कियों और लड़कों (कैंपस में कुल लगभग 200) से भरा हुआ था। शिविर ने युवाओं को परमेश्वर से साक्षात्कार, आध्यात्मिक नवीनीकरण और व्यक्तिगत विकास के लिए एक आदर्श वातावरण प्रदान किया। माता–पिता के लिए एक विशेष सत्र भी आयोजित किया गया ताकि उन्हें अपने बच्चों को उनके जीवन की आत्मिक यात्रा में सहयोग करने के लिए प्रोत्साहित किया जा सके।
एफ.एम.पी.बी. नवोदया युवा सशक्तिकरण और आध्यात्मिक नवीकरण के लिए एक शक्तिशाली मंच था!
इस कार्यक्रम में जेम्स एबेनेजर (पादरी – वन चर्च), फिलिप चेरियन (फॉर्मेशन मिनिस्ट्री, वेल्लोर), प्रिया अरस्तू और रवि राठौड़ (मिशनरी, एफ.एम.पी.बी. – बिहार) जैसे प्रसिद्ध वक्ताओं द्वारा प्रेरणादायक वचन दिए गए। चेन्नई से आई नवोदय टीम ने भाई सुधन के साथ मिलकर आराधना का नेतृत्व और खेलों का आयोजन किया। बहन मेघा ने अपनी गवाही साझा की! – **प्रज्वल**

पादरी फिलिप चेरियन और पादरी जेम्स एबेनेजर के शक्तिशाली उपदेश अक्सर बाइबल की अंतर्दृष्टि को वास्तविक जीवन के अनुप्रयोगों के साथ मिलाते हैं, युवाओं को आध्यात्मिक रूप से विकसित होने और सार्थक तरीकों से अपने विश्वास को जीने की चुनौती देते हैं। जॉन लॉन्गवे की पूरी टीम को बहुत–बहुत बधाई देते हैं जिन्होंने इस कार्यक्रम को सम्भव बनाया। आयोजन टीम अपने सावधानीपूर्वक प्रयासों को शानदार तरीके से कार्य किए। सीर महिमा और आदर परमेश्वर को मिले– **वान्या**

प्रार्थना और योजना बनाना इस सभा का मुख्य आधार था। इस सभा से दो महीने पहले ही प्रार्थनाएँ शुरू कर दी गई थीं। FMPB विज़ाग दल को अंत में यकीन हो गया कि 'जिसने मसीह में अच्छा काम शुरू किया है, वही उसे पूरा भी करेगा।' फिलि 1:6. – **शिबू वर्गीस**

जैसा कि शिविर का उद्देश्य 'अगिनमय' नाम से पता चलता है, युवा लड़कों और लड़कियों को प्रभु के लिए प्रेरित करना था। यह कई लोगों के लिए जीवन बदलने वाला युवा शिविर था जहाँ युवाओं का जीवन यीशु के साथ जुड़ सकते थे, बढ़

सकते थे और अपने जीवन को नवीनीकृत कर सकते थे। शिविर में कई रोमांचक कार्यक्रम हुए, हालाँकि शिविर का मुख्य आकर्षण यह था कि काफी संख्या में लड़के और लड़कियों ने वेदी की बुलाहट का उत्तर दिया और अपना जीवन यीशु को समर्पित किया – **रिट्टी जैकब**

हमारे सर्वशक्तिमान परमेश्वरकी असीम कृपा से, 48 युवाओं ने यीशु को अपना व्यक्तिगत उद्धारकर्ता स्वीकार किया, 54 लोगों ने अपना जीवन उनके प्रति समर्पित कर दिया, 81 लोगों ने मिशनरियों के लिए प्रार्थना करने का निर्णय लिया, 13 लोगों ने मिशनरी के रूप में जाने के लिए अपना जीवन समर्पित कर किया, 9 लोगों ने मिशन के लिए दान देने की प्रतिज्ञा की, 4 ने हुंडी बक्सों में राशि एकत्र करने का वादा किया और 1 व्यक्ति ने एक बच्चे का समर्थन करने के लिए अपनी प्रतिबद्धता जताई। 39 युवक युवतियों ने मिशन क्षेत्रों का दौरा करने की इच्छा जाहिर किए।

सारा आदर, महिमा और प्रशंसा हमारे प्रभु यीशु मसीह को मिले वही एकमात्र इसे पाने के योग्य है!

शांति राम्याराजू

मिशनरी – मोबिलाइजेशन, विशाखापत्तनम, आँन्ध्रप्रदेश

मिशनरी समर्पण

15 सितंबर 2024 को, हमारे एक मिशनरी का समर्पण दिल्ली के द्वारका कम्युनिटी कलीसिया के पास्टर रेव्ह. आर. तुंगशान एवं कलीसिया के प्राचीन द्वारा किया गया।

रेव्ह. येक्टो चोफी, क्षेत्रीय सचिव, उत्तरी क्षेत्र, मोबिलाइजेशन

जन्मदिन मुबारक

श्रीमती निशा मोंगवाई फोम
सुश्री जुनमोनी मिलि

जम्मू

उधमपुर:

अरुण घंटा एवं रेणु

स्तुति : 2 व्यक्ति यीशु के समूह में जुड़ गए। आउटरीच कार्यक्रम, फिल्म कार्यक्रम, अनरीच्ड नाईट मीटिंग और व्यक्तिगत सुसमाचार के माध्यम से 5 नए गाँवों में 1250 लोगों को सुसमाचार सुनाया गया। राजेंद्र सिंह के पिता जो अस्पताल में भर्ती थे, प्रार्थना के द्वारा चंगाई मिली और परिणामस्वरूप वे आराधना सेवा में भाग ले रहा है।

प्रार्थना : उधमपुर शहर के प्रविन्दर सिंह और रामनगर गाँव के सौरव कुमार के लिए प्रार्थना करें जो हमारे संपर्क में नए हैं, ताकि वे मसीह के उद्धारक ज्ञान को प्राप्त कर सकें। सना देवी को संतान की प्राप्ति हो। राजेन्द्र सिंह, गुरप्रीत कौर, हशप्रीत कौर, जगदीश सिंह के परिवार और दर्शना देवी के परिवार के लिए प्रार्थना करें कि वे यीशु मसीह में अपने विश्वास को साहसपूर्वक स्वीकार करें।

नौशेरा:

शेख सुभानी एवं एमी बक्या; प्रवीण पी.

स्तुतिः 4 गाँवों में सुसमाचार पहुँचाया गया। 1 व्यक्ति ने अपने पुराने चाल चलन को छोड़कर प्रभु की ओर मुड़ा। 5 स्थानों पर फिल्म सेवा संचालित की गई। पल्ली गाँव में किए गए द्वितीय चरण की सेवकाई के माध्यम से परमेश्वर ने 5 नए लोगों को हमारे संपर्क में दिया और वे सुसमाचार के प्रति सकारात्मक प्रतिक्रिया दिखा रहे हैं। जोलापुर गाँव के प्रवासी विश्वासियों के माध्यम से हमें राजौरी जिले में नए संपर्क मिले हैं।

प्रार्थना : हमारे सम्पर्क में नई आई फल्याणा गाँव की सुनीता के लिए प्रार्थना करें जो डिस्क और तंत्रिका समस्या के कारण पिछले 12 वर्षों से चलने में असमर्थ है। सुभाष केनिटी जो गाँव के बुजुर्गों में से एक है विश्वासियों को गुमराह करता है और लोगों को मसीह को स्वीकार करने और पश्चाताप करने में बाधा डालता है। कलाल गाँव के राजेंद्र परिवार की पुनर्स्थापना के लिए प्रार्थना करें जो कभी बहुत सक्रिय विश्वासी थे परन्तु अब उत्पीड़न के कारण चर्च में नहीं आ रहे हैं। प्रार्थना करें कि राजौरी जिले और उसके आस–पास के गाँवों में सुसमाचार के लिए द्वार खुले जहाँ मुस्लिम बड़ी संख्या में रहते हैं।

जन्मदिन मुबारक

श्री जॉनसन राजदुरई
श्रीमती भुसारे शैला चिंतामनी
श्री थांगबियाकमुआन
श्रीमती अनामिका पेगु नहेमियाह

सांबा: अयन्नार डेविड एवं मनप्रीत कौर

स्तुति : 4 गाँवों में सुसमाचार सुनने वाले 820 लोगों और प्रभु को स्वीकार करने वाले 1 व्यक्ति के लिए परमेश्वर को धन्यवद दें। बंगलार और पोंगवाल गाँवों के नए संपर्कों के लिए जो सुसमाचार के लिए अच्छी प्रतिक्रिया दे रहे हैं। राखा गाँव के प्रवासी भी सुसमाचार के प्रति सकारात्मक प्रतिक्रिया दे रहे हैं। कूटा गाँव की रीता देवी को दुष्टात्मा के कब्जे से मुक्ति मिली। पटयारी गाँव के विश्वासी अपने गाँव में आराधना सेवा को फिर से शुरू करने में रुचि दिखा रहे हैं।

प्रार्थना : हीरानगर, गगवाल, पोंगवाल, राजपुरा और सांबा जिले के आस–पास के गाँवों में हमारे सेवकाई के लिए खुले दरवाजे और अच्छी प्रतिक्रिया मिलने के लिए प्रार्थना करें। कूटा गाँव में हमारी रविवारीय आराधना कि रोकने का प्रयास कर रहे लोगों के लिए प्रार्थना करें कि वे मन फिराएँ और हमारे विश्वासियों की एकता और उनके विश्वास में मजबूती आए। प्रार्थना करें कि कोट पुन्नू से अश्विनी और उसका परिवार सुसमाचार को ग्रहण करें। प्रार्थ्कना करें कि कूटा गाँव के अशोक, रोशन और राकेश शराब की लत से छुटकारा पाएँ। सांबा गाँव की बबली देवी को गले के कैंसर से चंगाई मिले।

शांति कायम हो!

26 जुलाई को हमारे मिशनरी, श्री जगमोहन सिंह, कलीसिया का एक प्राचीन, श्री अनिल भाई को अस्पताल ले गए, क्योंकि वे अस्वस्थ थे। जब वे अस्पताल में थे, श्री अनिल भाई को अचानक दिल का दौरा पड़ा और वहीं पर उनकी मृत्यु हो गई। उसी रात उनके शव को उनके गाँव, दब्रियाम्बा ले जाया गया। अगले दिन, हमारे मिशनरी अंतिम संस्कार सेवा के लिए उस गाँव में गए। जब अंतिम प्रार्थना होने ही वाली थी, तो कुछ अविश्वासी परिवार के सदस्यों ने उपद्रव मचाना शुरू कर दिया। हंगामे के बीच, हमारे मिशनरी को पीटा गया, परन्तु परमेश्वर की अनुग्रह से वे सुरक्षित रूप से भागने में सफल रहे और घर लौट आए। इस घटना के बाद से, नियमित रूप से मिलने वाली मंडली ने इकट्ठा होना बंद कर दिया है। अविश्वासी परिवार के सदस्यों ने मिशनरी को उस गाँव में वापस न आने की धमकी दी। कृपया इस गाँव में शांति बहाल होने के लिए प्रार्थना करें, मंडली फिर से इकट्ठे हो सकें तथा रिश्तेदार मसीह में विश्वास करें।

जन्मदिन मुबारक

श्रीमती ब्यूला अन्ना शांतिनी ब्राइट

हिमाचल

रामपुर :डौजापाओ गुइटे एवं फ्लोरेंस लैमवुंग

स्तुति : 7 नए गांवों में सुसमाचार प्रचार किया गया और 526 लोगों ने सुना। 3 लोगों ने यीशु मसीह में नया जीवन प्राप्त किया। जब कमलादेवी नामक एक विश्वासी गाय का दूध दुहने के लिए गौशाला में गई, तो एक जहरीला कोबरा उस पर फुफकारता हुआ आया। उसकी मदद करने वाला कोई नहीं था, इसलिए उसने प्रार्थना में प्रभु की ओर देखा, और साँप उसे चोट पहुँचाए बिना ही भाग गया। इस समाचार ने मिशनरियों और अन्य विश्वासियों को प्रोत्साहित किया। प्रभु ने विश्वासियों, उनके परिवारों और मिशनरियों को डेंगू बुखार से बचाया जो रामपुर क्षेत्र में व्यापक रूप से फैल रहा था।

प्रार्थना : उन लोगों के लिए प्रार्थन करें जो अपने विश्वास को सार्वजनिक रूप से स्वीकार करने के लिए तैयार हो रहे हैं, ताकि वे आध्यात्मिक परिपक्वता में आगे बढ़ सकें। रक्त कैंसर का इलाज करवा रहे मोतीलाल को दिव्य चंगाई मिले। शराब के आदी केजबहादुर के पश्चाताप के लिए प्रार्थना करें जो शराब के नशे में अपनी पत्नी और बच्चों के साथ दुर्व्यवहार करता है। संतोष और उसके परिवार के लिए कि वे अपने विश्वास में दृढ़ रहें। भवदीप और पुष्पेंद्र को शराब की लत से मुक्ति मिले। प्रार्थना करे कि विश्वासीगण प्रचलित झूठी शिक्षाओं से सावधान रहें। सुनील को अपना घर बनाने के लिए प्राप्त 7 लाख के गृह ऋण को चुकाने में प्रभु उनकी सहायता करे।

नेरवा:

इम्मानुएल एस. एवं संगीता

स्तुति : 2 नए गाँवों में 450 लोगों को सुसमाचार सुनाया गया। 1 बाईबल जरूरतमंद व्यक्ति को दी गई। 10 रात्रि सभाएँ आयोजित की गईं और 10 स्थानों पर आउटरीच सेवकाई का काम पूरा किया गया। इस क्षेत्र में व्याप्त विरोध के बावजूद प्रार्थना समूहों ने मिशन क्षेत्र का दौरा किया।

प्रार्थना : विश्वासियों को कलीसियाई आराधना के महत्व का एहसास हो और वे इसे प्राथमिकता दें। डुंगलेक गाँव के उन विश्वासियों के लिए प्रार्थना करें जो अपने परिवार के सदस्यों और गाँव के लोगों की वजह से मंदिर में अनुष्ठानों में भाग लेने के लिए मजबूर हैं, ताकि वे प्रभु में दृढ़ रहें। भारणु, भंगल और अटल चर्च के विश्वासियों के लिए प्रार्थना करें जो विश्वास से भटक गए हैं फिर से विश्वास में वापस आएँ। चौपाल, जिगनीपुल और कुपवी में नियोजित आउटरीच सेवकाई के फलदायी हाने के लिए प्रार्थना करें। प्रार्थना करें कि भंगल चर्च के विश्वासीगण उनके सामने आने वाले विरोध से निराश न हों।

उपवास प्रार्थना दिवस

जन्मदिन मुबारक

श्रीमती बेबी सेलिना अरुलराज

रिकांगपिओः

शंकर ए. एवं रूथ मैरी

स्तुतिः 1 नए गाँव में सुसमाचार का प्रचार किया गया। 3 सामूहिक प्रचार कार्यक्रम और 4 फिल्म कार्यक्रम आयोजित किए गए। विरोध के लक्षण के बावजूद 4 प्रार्थना समूहों के लोगों ने सफलतापूर्वक इस मिशन क्षेत्र का दौरा किया। रामप्यारी को उस समय मिली सुरक्षा के लिए परमेश्वर को धन्यवाद दें जब उसके काम के दौरान चट्टानें लुढ़क रही थीं।

प्रार्थनाः रंजू के लिए प्रार्थना करें जो 5 महीने की गर्भवती है और उसका गर्भाशय कमजोर है, और सड़क की खराब स्थिति के कारण वह डॉक्टर के पास जाने में असमर्थ है, ताकि वह बिना किसी दोष के पूर्ण अवधि के बच्चे को जन्म दे सके। भगत चंद की चंगाई के लिए प्रार्थना करें जिसकी हृदय गति कम है, ताकि वह चंगाई पाए। प्रार्थना करें कि परमेश्वर हमारे विश्वासियों के सेब की फसल को आशीर्वाद दें।

पंजाब

मनसाः देबब्रतो बिश्वास एवं मन्ना सिंह

स्तुतिः उनकी कृपा के लिए परमेश्वर को धन्यवाद दें जिसकी वजह से हम पाथकलां, अलीगगुर्ट, मोधा और सोट्टाजंदा के नए गाँवों में सुसमाचार को साझा करने में सक्षम हुए। छह परिवारों ने हाल ही में आराधना सेवा में भाग लेना शुरू किया है। उनमें से 3 लोगों ने यीशु मसीह में अपने विश्वास को स्वीकार किया है और कलीसिया में शामिल हो गए हैं। पुलसिंह की पत्नी के सुरक्षित प्रसव के लिए प्रार्थना करें। हमारे कलीसिया के अगुवे गुलविंदर सिंह चर्च की गतिविधियों और मिशन गतिविधियों में बहुत रुचि दिखाते हैं। परमेश्वर की अनुग्रह के लिए जिसकी वजह से हम मनसा क्षेत्र में आगामी सेवकाई के लिए प्रार्थना और योजना बना पाए। परमेश्वर की शक्ति के लिए जिसने मिशनरियों को नियोजित सेवकाई को पूरा करने में मदद की।

प्रार्थनाः उन लोगों के लिए प्रार्थना करें जिन्होंने सुसमाचार सुना है, वे उद्धारकारी विश्वास की ओर अग्रसर हों और नए विश्वासी अपनी आध्यात्मिक परिपक्वता में बढ़ें। सम्मीसिंह जो पेट के तीव्र दर्द से जूझ रहा है और काम करने में असमर्थ है, प्रार्थना करें कि उसे चंगाई मिले मिले और उसके नवजात शिशु को परमेश्पर स्वास्थ्य प्रदान करे। प्रार्थना करें कि फतेहपुर, रामनदी और नाहोगी गाँवों में जीसस फिल्म का प्रसारण हो ताकि बहुत से लोग यीशु मसीह में उद्धार पा सकें। जो लोग काम के कारण पलायन कर गए हैं, वे अपने विश्वास में दृढ़ रहें। परमेश्वरी को रक्त कैंसर से, धोनीसिंह को मिर्गी से, गुलदीपसिंह, मेट्रो कौर और गुरुचरण कौर को रक्तचाप से, करिपालसिंह को मस्तिष्क संबंधी बीमारी से चंगाई मिले। हमारे मिशनरी के पिता अरुण बिश्वास को भी मिर्गी से चंगाई मिले।

अहमदगढ़ मंडी:

कृपा रक्षणा एवं शकिना

स्तुति: शंकर और मतोई गाँव में 600 लोगों को सुसमाचार सुनाया गया और 3 लोगों को यीशु के पंथ में शामिल किया गया। आयोजित मेले में 300 लोगों ने भाग लिया। महिलाओं के लिए 2 प्रशिक्षण, युवाओं के लिए 1 प्रशिक्षण और 3 अप्राप्य रात्रि सभाएँ आयोजित की गईं।

प्रार्थना: प्रार्थना करें कि जो लोग परमेश्वर में अपनी विश्वास को स्वीकार करने के लिए तैयार हैं, वे साहसपूर्वक अपने विश्वास का अंगीकार कर सकें। लताला, बालेवाल और आलमग गाँवों से नए संपर्क स्थापित हों। द्रमिन्दर पर ईश्वर का दिव्य स्पर्श हो, जो तिल्ली बढ़ने, हर्निया, पेट में तरल पदार्थ और यकृत में सूजन जैसी कई जटिलताओं से ग्रसित है। रीना, आशु और जशवीर को क्षय रोग से और मनप्रीत को गर्भाशय के ट्यूमर से चंगाई मिले। युवा लड़कों को वीडियो गेम की लत से छुटकारा और युवा लड़कियों को उपयुक्त जीवन साथी मिले।

राजस्थान

खाजूवाला:

वी. कुमार एवं पेट्रीसिया तमिलसेल्वी

स्तुति: 3 व्यक्तियों ने मसीह को अपना व्यक्तिगत उद्धारकर्ता स्वीकार किया है और विश्वास की सार्वजनिक स्वीकारोक्ति को घोषित करने के लिए आगे आए हैं। नए संपर्क में नए आए सतसिंह, जसवंत, सुरजीत कौर और परमजीत के लिए – जिन्होंने हमारे प्रभु यीशु मसीह के बारे में जानने में गहरी रुचि दिखाई है। परमेश्वर की अनुग्रह से हमारा विश्वासी हर्षदीप को अपनी पढ़ाई के साथ–साथ सिंगापुर में नौकरी मिल गई। हमारे विश्वासियों के लिए जिन्हें इस वर्ष बारिश के बाद अच्छी फसल की प्राप्त हुई है।

प्रार्थना: कैंसर का इलाज करवा रहे डांगर सिंह को पूरी तरह से चंगाई मिले। करतारसिंह के मिलए प्रार्थना करें कि वह हमारे प्रभु यीशु को सम्पूर्ण हृदय से स्वीकार करे। परमजीत को एक उपयुक्त जीवनसाथी मिले। पूनम के लिए प्रार्थना करें जिसे एक साल से ज्यादा समय से पेट दर्द की बीमारी है, जिसके कारण का कोई पता नहीं चल पाया है। सोनाबाई के बेटे लेकराम के पश्चाताप के लिए प्रार्थना करें। मिशनरी काम में रुचि रखने वाले युवाओं को परमेश्वर मिशनरी काम के लिए प्रेरित करे। अपने ईसाई धर्म के लिए उत्पीड़न का सामना करने पर प्रभु उन्हें हियाव का आत्मा प्रदान करें।

हनुमानगढ़ः
मुधवथु राजू नायक एवं झाँसी बाई

स्तुतिः आई.टी.आई. कॉलोनी, खुंजा के 2 व्यक्तियों ने प्रभु को अपना व्यक्तिगत उद्धारकर्ता स्वीकार किया है। 50 नए नियम और 2 बाइबल वितरित किए गए। रातनपुरा दानी, बुलाचावाला, बरावली दानी, बरनवाली और एटापुटा गाँव में आउटरीच कार्यक्रम संचालित किए गए। 5 स्थानों पर द्वितीय चरण की सेवकाई पूरी की गई। जब मसानी गाँव में सेवा चल रही थी, तब राम लीला समूह के 250लोगों की भीड़ ने आराधना स्थल में घुसपैठ की, तब परमेश्वर ने हमारे मिशनरियों और विश्वासियों की रक्षा की।

प्रार्थनाः प्रार्थना करें कि सनी को योग्य जीवन साथी मिले। विनोद कुमार को दिल की बीमारी से चंगाई मिले। राज कुमार जो काम के लिए मुंबई गया था, उन्हें मानसिक शांति मिले और वहाँ पर हो रही परेशानियों से मुक्ति मिले। इस क्षेत्र में शुरू किए गए सेवकाई की स्वर्ण जयंती मनाने की तैयारियों के लिए प्रार्थना करें।

संगरियाः अमीरकांत दिगल एवं निरोला दिगल

स्तुतिः रतनपुरा गाँव से नए संपर्क हनुमान और उनकी मां कृष्णा के लिए जो यीशु मसीह को उद्धारकर्ता के रूप में स्वीकार करने के लिए तैयार हैं। क्षय रोग से पीड़ित जीतराम प्रार्थना के बाद बेहतर महसूस कर रहा है। वह नुकेरा गाँव में नियमित रूप से आराधनाा सेवा में भाग ले रहा है; तथा उसके परिवार के सदस्य और उसके दो भाईयों के परिवार के सदस्य प्रभु के बारे में अधिक जानने में रुचि दिखा रहे हैं। नागराना गाँव के हमारे पुराने विश्वासी जो बिखरे हुए थे, अब धीरे–धीरे एक–एक करके आराधना सेवा में शामिल हो रहे हैं। नागराना गाँव के जगसीर के लिए प्रभु को धन्यवाद दें जो हमारे सेवकाई में सहयोग कर रहे हैं और उन्होंने अपने गाँव में चर्च निर्माण के लिए उपयुक्त भूमि खोजने की प्रतिज्ञा की है।

प्रार्थनाः नागराना गाँव में चर्च बनाने के लिए उपयुक्त भूमि प्राप्त हो। हनुमान, कृष्णा, सर्वजीत, इंदर और ओकिल के लिए प्रार्थना करें कि वे प्रभु में अपने विश्वास का अंगीकार करें। हमारे विश्वासी बागा साई को साँप ने पैर में काटा है, प्रार्थना करें कि उसे चंगाई मिले। कुलविन्दर को स्तन में मौजूद गाँठ सं चगाई मिले। प्रार्थना करें कि कृष्णा के दोनों गुर्दे ठीक से काम करें और राजवंती बोल और सुन सके। हमारे विश्वासियों के बच्चे ज्योति, रीतू और अमनदीप को उपयुक्त मसीही जीवन साथी मिलें।

जन्मदिन मुबारक

श्रीमती बीनाक्षी बी. वसावा सुनील
श्री बिधन हंसदा

तपुकारा: जॉनसन तमिल सेलवन (सेवानिवृत्त) एवं राजामल तमिल सेलवन; डेनियल मार्वल राज एवं जेबासिली

स्तुति: जब मनोज और उनके परिवार यीशु को स्वीकार करने के कारण पंचायत से मिलने के लिए कहा गया, तो उन्होंने भीड़ के सामने साहसपूर्वक गवाही दी। गृह प्रवेश समारोह के लिए एकत्र हुए 50 लोगों को सुसमाचार सुनाया गया। डॉक्टरों द्वारा गंभीर स्थिति में आशा खो देने के बावजूद उसके माता–पिता की प्रार्थनाओं के माध्यम से प्रविन्दर की सुरक्षित प्रसव के लिए परमेश्वर को धन्यवाद दें। हमारे विश्वासियों और गाँव के अन्य लोगों को अपनी आय के लिए कपास तोड़ने के काम में नौकरी का अवसर प्राप्त हुआ।

प्रार्थना: प्रार्थना करें कि विश्वासीगण सेवकाई में शामिल हों और दूसरों को साहसपूर्वक सुसमाचार बता सकें। बच्चों के बीच अधिक खुलापन लाने और लवीथा और जुआना गाँवों में सेवकाई का विस्तार किया जा सके। कुमारपुर में गुरुद्वारा समिति इस क्षेत्र में ईसाइयों को बहिष्कृत करने की योजना बना रही है; प्रार्थना करे कि उनकी योजना को परमेश्वर विफल करे। सिकंदर को नशे की लत से छुटकारा मिले और अपनी पत्नी के साथ रहे। अंजू नाथूराम जो 10 साल पहले विवाहित है, संतान का आशीर्वाद मिले। करसन गाँव के नीरज को कैंसर से चंगाई मिले।

उत्तराखंड

नानकमत्ता: रामास्वामी जेरोम एवं एंथोनी राजम

स्तुति: किधोर और दलीयपुर गाँवों में पहली बार सुसमाचार का प्रचार किया गया और लगभग 100 लोगों ने सुसमाचार सुना। जब विश्वासियों ने प्रार्थना की, तो काजल जो अपनी गर्भावस्था के दौरान खून की कमी से पीड़ित थी, अपनी गंभीर स्थिति से उबर गई, और उसने सुरक्षित प्रसव के द्वारा एक बच्चे को जन्म दी। पचीमाड़ा गाँव के एक नाबालिग लवजोर को प्रार्थनाओं के द्वारा दुष्टात्मा के कब्जे से मुक्ति मिली। परमेश्वर ने दूसरों की प्रार्थना के साइमन के जीवन की रक्षा की, जिसने पारिवारिक समस्याओं के कारण जहर खा लिया था। परमेश्वर ने एक दुर्घटना में सिमरन की सुरक्षा की और केवल मामूली चोटें आईं। अंजलि, जिसका गर्भाशय का ऑपरेशन होना था, जब उसने सच्चे मन से प्रार्थना की, तो बिना ऑपरेशन के ही ठीक हो गई। परमेश्वर ने कुलदीप सिंह को एक इलेक्ट्रिक ऑटो खरीदने में सक्षम बनाया।

प्रार्थना: प्रार्थना करें कि परमेश्वर विमला कौर को आत्महत्या के विचारों से बचाए। विदेश में नौकरी दिलाने का वादा करके कुलदीप सिंह को आर्थिक रूप से धोखा देने वाले व्यक्ति के पश्चाताप के लिए प्रार्थना करें कि वह पैसे वापस लौटाए। कुलदीप सिंह को अच्छी नौकरी मिले। हिमांशी को बुरी आत्माओं के कब्जे से मुक्ति मिले। अमित के जीवन में परमेश्वर का हस्तक्षेप के लिए प्रार्थना करें जो एक कैथोलिक संस्था के साथ काम कर रहा है और भेदभाव का सामना कर रहा है। अंजलि के सुरक्षित प्रसव के लिए प्रार्थना करें और उसके पति को बुरी आदतों से छुटकारा मिले।

जन्मदिन मुबारक

सुश्री डोन्जाचिन, श्रीमती रीना अरोनसिंह

किच्छाः

बिभाभा पानी एवं बिथिका पानी

स्तुतिः उन 60 लोगों के लिए जिन्होंने सुसमाचार सुना। हमारे सम्पर्क में आए शक्ति गाँव के कोमल के लिए परमेश्वर को धन्यवाद दें। 8 नए नियम वितरित किए गए। 11 गाँवों में द्वितीय चरण की सेवकई पूरी की गई। पंथ नगर के जैकब और उनके परिवार सेवकाई में सहायता कर रहे हैं।

प्रार्थनाः प्रार्थना करें कि बोड़ोली, साजना, न्यू मंगल, लालपुर, किसनपुरा, बोड़ोरी, प्रतापपुर, किच्छा, सिमोलिन, डोरेडम और शांतिपुरी में सुसमाचार के लिए द्वार खुले। रविवारीय आराधना के लिए एक उपयुक्त स्थान प्राप्त हो। गुरुद्वारा के विरोध के बावजूद सभी विश्वासी दृढ़ रहें। नेपाली कॉलोनी में सेवकाई आरम्भ किया जा सके। रूद्रपुर में प्रभावी रूप से सेवा करने के लिए देव और परिवार के लोग सहायता करें।

उत्तरप्रदेश

गोंडा बाल छात्रावासः

ओमप्रकाश गुप्ता एवं तुम्पा चौधरी

स्तुतिः 4 गाँवों में द्वितीय चरण की सेवकाई पूरी की गई। 3 बाइबिल अध्ययन कक्षाएं आयोजित की गईं। मिशनरी की अनुपस्थिति में बच्चे पास के चर्चों में आराधना सेवाओं का नेतृत्व करते हैं। नानपारा से कई नए लोग आराधना में भाग ले रहे हैं। विद्या राम कुछ नए लोगों को चर्च में ला रहे हैं और वे उन्हें प्रभु में बढ़ने में मदद कर रहे हैं। नट समुदाय के लोग प्रभु में बढ़ रहे हैं और साथ ही, वे अपने समुदाय के लोगों को मसीह के पास लाते हैं।

प्रार्थनाः प्रार्थना करे कि छात्रावास के बच्चे अपनी अर्धवार्षिक परीक्षा अच्छी तरह से लिख सकें। तिलखाई, संभुतारा, कुकुरभोकवा, खीरावरा, भलवा, गंगवाल और नाथ नगर में चल रही सेवकाई की सफलता के लिए प्रार्थना करें।

सरगंडा गाँव में पुनरूद्धार

झारखंड के बागैया में सरगंडा गाँव के लोगों ने सुसमाचार का कड़ा विरोध किया, जिसके कारण वहाँ हमारी सेवकाई के प्रयास रुक गए। हालाँकि, दुखद घटनाओं की एक श्रृंखला – जैसे कि युवाओं की लगातार मौतें, छतों पर अचानक आग लगना, और मवेशियों की अप्रत्याशित मौत ने ग्रामीणों को पुनर्विचार करने के लिए मजबूर कर दिया। इन कठिनाइयों ने उन्हें हमारे मिशनरियों को सुसमाचार साझा करने और सभाएँ आयोजित करने के लिए अपने गाँव में वापस आमंत्रित करने के लिए मजबूर किया। परिणामस्वरूप, सरगंडा गाँव में सेवकाई फिर से शुरू हो गया है। यीशु की स्तुति हो!

झींझकः समारेंद्र सिंह एवं सुस्मिता; पमसोनचिन एवं लुंचिग

स्तुतिः 4 गाँवों में 75 लोगों ने सुसमाचार सुना। 2 लोगों ने अपने पुराने जीवन को त्यागकर मसीह के झुंड में शामिल हो गए। सलेमपुर में विश्वासियों की सभा बिना किसी व्यवधान के आयोजित की गई। भटोली गाँव की कमला को दुष्टात्मा के बन्धन से छुटकारा मिली।

प्रार्थनाः प्रार्थना करें कि सभी उपकेंद्रों में क्रिसमस कार्यक्रम बिना किसी बाधा के आयोजित किए जाएं। विश्वासीगण आराधना सेवाओं और कलीसिया की गतिविधियों में उत्साहपूर्वक भाग लें। झींझक क्षेत्र के विश्वासियों के बीच आध्यात्मिक पुनरुत्थान के लिए प्रार्थना करें।

मध्य प्रदेश

भिंड : जेबाकुमार एवं जयंती

स्तुतिः दो नए गाँव के लगभग 120 लोगों ने सुसमाचार सुना। प्रौढ़ साक्षरता, आत्मा जीतने का प्रशिक्षण, बच्चों और किशोरों के लिए परामर्श सभाएँ सफलतापूर्वक आयोजित की गईं। 8 गाँवों में द्वितीय चरण की सेवकाई पूरी की गई। परमेश्वर ने सोनी को सुरक्षित प्रसव करने में मदद की। हालाँकि बारिश से कई लोगों की फसलें बर्बाद हो गईं, परन्तु हमारे विश्वासी राम चौहान की फसलें प्रार्थना के द्वारा सुरक्षित रहीं। सर्वेश, राहुल और परिम को टॉइफाइड बुखार से चंगाई मिली।

प्रार्थनाः प्रियंका अनिल की पत्नी राजवीर गौरव और पूनम का परिवार मसीह को अपने जीवन में व्यक्तिगत उद्धारकर्ता स्वीकार करें। किट्टी, सकराई और कबीर नगर गाँव में प्रार्थना समूह शुरू आरम्भ किया जाए। प्रार्थना करें कि युवाआएँ आराधना और आउटरीच सेवकाई में शामिल हों। सुनील को क्षय रोग से, राकेश की पत्नी को किडनी स्टोन की समस्या से और जय नारायणन को किडनी की समस्या से चंगाई मिले।

बिहार

रानीगंजः धर्मेंद्र परिछा एवं मधुस्मिता पानी

स्तुतिः मधेपुरा गाँव में विरोध के कारण एक साल पहले बंद हुई आराधना सेवा फिर से शुरू की गइ है। 5 गाँवों में व्यक्तिगत रूप से लोगों को सुसमाचार सुनाया गया। बंगाली टोला गाँव के अजय दास को भूत–प्रेत के कब्जे से छुटकारा मिली और वे काम के लिए भोपाल चले गए।

प्रार्थनाः प्रार्थना करें कि सिरसिया कला गाँव के लोगों को मसीह के उद्धारक ज्ञान की प्राप्ति हो। परमेश्वर सुखनी देवी के बेटे बादल ऋषिदेव को मानसिक बीमारी से चंगाई प्रदान करे। रीना देवी और मार्कस मंडल के बीच शांति बनी रहे और उनका वैवाहिक जीवन सुखमय हो। प्रार्थना करें कि परमेश्वर तेजू ऋषिदेव के परिवार के सामने आए आर्थिक संकट को दूर करें, क्योंकि उनके बीमारी के इलाज में बहुत अधिक खर्च हो रहा है।

जन्मदिन मुबारक

श्री जॉन कुल्लू

झारखंड

धलबूमगढ़ बालभवन:

वाघेरा प्रमोद कुमार एवं जशोदा बेन

स्तुति: बुखार और दस्त से पीड़ित सभी बच्चों को ठीक करने के लिए। तिमाही छुट्टियों में गए बच्चे सुरक्षित रूप से छात्रावास वापस आ गए। ईश्वर की कृपा से बच्चों की शैक्षणिक प्रगति में अच्छी प्रगति हुई है।

प्रार्थना: खसरे से पीड़ित बच्चों के शीघ्र स्वस्थ होने के लिए प्रार्थना करें। छात्रावास का जीर्णोद्धार कार्य जल्द ही पूरा हो सके। परमेश्वर समीर देमसाई, लड्डू लाहौरी, कोना सिंह, मोट्टाई को सद्बुद्धि प्रदान करे। लाहौरी, जय देमसाई, ईश्वर बाई और जईरास बिरुली के लिए प्रार्थना करें जो अपनी शिक्षा में संघर्ष करते हैं।

हंसडीहा:

सेंथिल कुमार एवं मुथु सेल्वी

स्तुति: 26 नए गाँवों में सुसमाचार का प्रचार किया गया और लगभग 895 लोगों ने पहली बार सुसमाचार सुना। 9 लोगों ने मसीह को स्वीकार किया और मसीह की कलीसिया में शामिल हो गए। बालेश्वर मड़ैया के लिए जो सर्जरी के द्वारा चंगाई मिली। कलीसिया का प्राचीन के लिए वामेश्वर को धन्यवाद दें, जिन्होंने विद्रोह करके लंबे समय तक दान राशि देने से इनकार कर दिया, आखिरकार उनका दिल बदल गया और उन्होंने दान राशि को अधिकारी को सौंप दिया। प्रभु ने 3 दिवसीय युवा रिट्रीट कार्यक्रम को आशीष दी। परमेश्वर की अनुग्रह से, कई बाधाओं के बीच जीसस फिल्म सेवकाई जारी है। परमेश्वर की कृपा से थलजार्नी, कुशाका, धाबाई और तुलसी डोला क्षेत्रों में कई आत्माओं के लिए को प्रभु के पास लाया गया।

प्रार्थना: श्रीमति मुर्मू को प्रभु से पूर्ण स्वास्थ्य लाभ मिले, जो आंतों की सर्जरी से पीड़ित हैं और उन्हें अपने विश्वास में दृढ़ रहने में भी सहायता मिले। घुटने के फ्रैक्चर से पीड़ित लीलमुनि को की चंगाई के लिए प्रार्थना करें। सप्पाराम और निपोनिया गाँव में चर्च के निर्माण के लिए उपयुक्त भूमि की खरीदी जा सके। दबई गँव में ईसा मसीह में विश्वास रखने वाले लोग बिना किसी बाधा के प्रभु की आराधना कर सकें और अपने विश्वास को स्वीकार कर सकें। इस क्षेत्र में आराधना सेवा जल्द से जल्द शुरू की जा सके।

उपवास प्रार्थना दिवस

नोनीहाटः बेनहर एम. एवं मैरी झाँसी रानी

स्तुतिः 26 लोगों ने प्रभु में अपने विश्वास का अंगीकार किया। वी.बी.एस. शिक्षकों का प्रशिक्षण कार्यक्रम आयोजित की गई। फिल्म कार्यक्रम और रात्रि सभाएं बिना किसी बाधा के आयोजित की गईं। गोपाल टुडू और लेवो मरांडी को मिर्गी से चंगाई मिली और सुंदरलाल सोरेन ने मानसिक बीमारी से चंगाई पाया। बाबूजी किस्कू को जहरीले साँप के काटने से चंगाई मिला।

प्रार्थनाः प्रार्थना करें कि मोंडोलडी और बाथन में चर्च बनाने के लिए उपयुक्त भूमि मिले। जेरखा को मानसिक बीमारी से मुक्ति मिले। सिडिक को भय की आत्मा से मुक्ति मिले। मां मालोती सोरेन, बेटा अनिल मुर्मू और बेटी सानी मुर्मू जो अंधे हैं, प्रार्थना करें कि उन्हें प्रभु के स्पर्श का अनुभव हो।

बोड्वा बाल भवनः सोम्बू सिंघन एवं डिन्निंग

स्तुतिः हमारे छात्रावास में काम करने वाले सुलेमान पहाड़िया को एक स्वस्थ बच्चे का आशीर्वाद मिला है। अवकाशकालीन बाइबल स्कूल लड़कों के लिए एक वरदान रहा। परमेश्वर ने प्रार्थना के माध्यम से दो दिनों में दाना चक्रवात के दौरान काटे गए बिजली के कनेक्शन को ठीक करने में सक्षम बनाया। आईए हम हॉस्टल के बच्चों को बरसात के दिनों में परिसर में घुसने वाले जहरीले साँपों से बचाने के लिए परमेश्वर की स्तुति करें।

प्रार्थनाः प्रार्थना करें कि छात्रावास के बच्चों को आगामी आध्यात्मिक सम्मेलनों के माध्यम से आध्यात्मिक जीवन में वृद्धि हो। इस ठंड के मौसम में छात्रावास के बच्चों को ठंड से सुरक्षा मिले।
प्रार्थना करें कि जो बच्चे खेल प्रतियोगिताओं में भाग लेने जाते हैं, वे खेलों में विजय प्राप्त करें। उन 7 स्थानीय कार्यकर्ताओं को परमेश्वर की आशीष मिले जो उन्हें दिए गए कार्यों को पूरा करने के लिए कड़ी मेहनत कर रहे हैं।

बेलडिहाः रमेश वेलराज एवं प्रिसिला

स्तुतिः उन 63 लोगों के लिए प्रभु को धन्यवाद दें जिन्होंने यीशु पर अपना विश्वास का अंगीकार किया है। 3400 लोगों ने पहली बार सुसमाचार सुना। क्षेत्रीय स्तर पर 2 चर्चों में आयोजित आत्मा जीतने वाले शिविर में 235 से अधिक विश्वासियों ने भाग लिया। 23 गाँवों में फिल्म सेवकाई का संचालन किया गया, जिससे 1850 लोगों को लाभ हुआ। क्षेत्रीय स्तर पर आयोजित बाल सम्मेलन में भाग लेने वाले और ईश्वर के लिए अपना जीवन समर्पित करने वाले सी.डी.सी. बच्चों के लिए प्रभु को धन्यवाद दें। फुलफारी चर्च निर्माण का कार्य पूरा हो गया है।

प्रार्थनाः एक ऐसी कार्यक्रम आयोजित करने की योजना के लिए प्रार्थना करें जिसमें 300 लोग यीशु के झुंड में शामिल होने के लिए तैयार हो रहे हैं। कलदेसपुर गाँव का लाल हंसदा, कस्तूरी गाँव का बोदिन सोरेन, सोनाखोर गाँव का कुबराज बेसरा और तरजोला गाँव की पार्वती बेसरा के लिए प्राथ्रना करें जो प्रभु को स्वीकार करने और अपने विश्वास को स्वीकार करने के लिए तैयार हो रहे हैं। लेटे गाँव के लोग जो सुसमाचार सुनने में रुचि रखते हैं, वे अच्छी प्रतिक्रिया दें। प्रार्थना करें कि सुगाडी और धुनियामारा गाँव में चर्च निर्माण कार्य बिना किसी समस्या के पूरा हो।

भगैया:

जेबाकुमार पेरियासामी एवं पोनलता

स्तुति: 19 लोगों ने यीशु की शिष्यता को ग्रहण किया। परमेश्वर ने शिया तिर्की की बेटी सबीना और उसके भाई सरगुल तिर्की को दुष्टात्मा के बन्धने से छुटकारा प्रदान किया और अब पूरे परिवार ने प्रभु को स्वीकार कर लिया है और सरगुल सेवकाई में मदद करती है। परमेश्वर ने एक छोटी लड़की संताानी कुजूर को दुष्टात्मा के बन्धन छुटकारा प्रदान किया और अब परिवार के लोग प्रभु को स्वीकार करने के लिए तैयार हो रहे हैं। अल्बर्ट कुजूर और परिवार ने गलतफहमी के दौर के बाद परमेश्वर की सेवा करने के लिए फिर से प्रतिबद्धता जताई है।

प्रार्थना: जयनाथ मिंज, राजेश कुजूर, रंजीत कुजूर, अर्जुन किंडो, रामनाथ परिवार, अजीत, उर्मिला, रामनाथ, जितेन्द्र, खुशबू, बाबूलाल, रामरथ्या और संजय एक्का के परिवार के लिए प्रार्थना करें कि वे साहसपूर्वक प्रभु को स्वीकार करें। एस्तेर मिंज के लिए प्रार्थना करें जो आँख के सिस्ट की इलाज सीएमसी में करवा रही हैं। प्रार्थना करें कि रीना डोबो को स्तन कैंसर से, कुलचा कुजूर को लकवा से और थिथरी मिंज को स्त्री रोग संबंधी समस्या से चंगाई मिले।

पश्चिम बंगाल

गंगारामपुर:

डिहे एवं चरनी

स्तुति: 5 नए गाँवों में सुसमाचार प्रचार किया गया और लगभग 1460 लोगों ने पहली बार सुसमाचार को सुना। 8 परिवारों ने सुसमाचार में गहरी रुचि दिखाई। 7 गाँवों में बिना किसी बाधा के यीशु फिल्म की स्क्रीनिंग के बाद कई लोगों ने सुसमाचार में गहरी रुचि दिखाई। प्राथ्रना करें कि बानाबोक्कुर गाँव में परमेश्वर की महिमा के लिए चर्च का निर्माण किया जा सके।

प्रार्थना: सोकाती गाँव में आराधना करने के लिए एक अस्थायी चर्च की शीघ्र निर्माण के लिए प्रार्थना करें जहाँ हो जन समूह की नई आराधना क्रियाशील है। परमेश्वर से प्रार्थना करें कि बाबोंगाव गाँव के लोगों को उनके डर से मुक्ति मिले, जो गाँव में रहने वाले लोगों की लगातार हो रही मौतों के कारण है। प्रार्थना करें कि युवाएँ खोई हुई आत्माओं के बोझ से भर जाएँ और वे उत्साहपूर्वक मिशन के काम में लग जाएं। परमेश्वर से प्रार्थना है कि उन्हें विश्वास करने वाले जीवनसाथी प्रदान करें। परमेश्वर से प्रार्थना करें कि नए विश्वासियों के बच्चों को शिक्षा प्राप्त करने का अवसर प्रदान करे। इन बच्चों के उज्जवल भविष्य के लिए प्रार्थना करें।

जन्मदिन मुबारक

श्रीमती शीबा जस्मीन जुबाराज

बालुरघाटः किंग्सली लिविंगस्टन आर. एवं डेल्फिन किंग्सली; रंजन खासला

स्तुतिः 3 लोग प्रभु के पुथ में शामिल हुए। 15 स्थानों पर आउटरीच सेवकाई सम्पन्न किया गया, 4 मास आउटरीच कार्यक्रम आयोजित किए गए और 960 लोगों ने सुसमाचार सुना। मंगलपुर गाँव की सोनाली मुर्मू को नशे की लत से मुक्ति मिली। 14 किशोर, 6 युवा और 5 बच्चे कुल मिलाकर 25 युवा आयोजित सभा में शामिल हुए और पवित्र जीवन जीने के लिए प्रतिबद्ध हुए।

प्रार्थनाः एक परिवार एक व्यक्ति को लाने की हमारी योजना सफल हो। सोम किस्कू और सोकोल हेम्ब्रोम 7 वर्षों से निःसंतान रहने वाले परिवारों को संतान सुख प्राप्त हो। स्वपन किस्कू के लिए प्रार्थन करें जिसने अपना जीवन पूर्ण–कालिक सेवकाई करने के लिए समर्पित कर दिया है, अपनी प्रतिबद्धता में दृढ़ रहे। जयंतो मुर्मू को मानसिक विकार से मुक्ति मिले, सुब्रतो मुर्मू को अटैक्सिया (शरीर पर नियंत्रण खोना) से तथा सुनील मुर्मू को मिर्गी की बीमारीसे चंगाई मिले।

असम

गोगामुख एवं धखुवाकानाः डेनसिंह आर. एवं जस्मीन कविता

स्तुतिः 4 व्यक्तियों ने मसीह को अपने व्यक्तिगत उद्धारकर्ता के रूप में स्वीकार किया और मसीह के पंथ में शामिल हो गए। प्रार्थना के माध्यम से प्रथो थोई को गले के गंभीर दर्द से मुक्ति मिली। राधामुनी को बुखार और एनीमिया से मुक्ति मिली जब उसने सच्चे मन से प्रार्थना की। रोमिला बायंग जो शैतानी हमले के अधीन थी, उसने विद्रोह किया और घर से भाग गई, जब विश्वासियों ने उसके लिए सच्चे मन से प्रार्थना की तो परमेश्वर ने उसे पूर्ण छुटकारा प्रदान किया। पैट्रिसोंग, पुलबारी, पोर्थमोला, ओरियोनी और कुंबांग गाँवों में सुसमाचार के लिए खुले दरवाजे के लिए परमेश्वर को धन्यवाद दें। 110 युवा क्षेत्रीय स्तर पर आयोजित युवा सभा में भाग लिया और उनमें से 54 ने पवित्र आत्मा के कार्य द्वारा यीशु मसीह को अपना जीवन समर्पित किया।

प्रार्थनाः प्रार्थना करें कि प्रभु आनंद बयांग की आँखों को छुएँ जो एक गंभीर नेत्र रोग से पीड़ित है और अपनी दृष्टि खो रहा है। मोमिता और उसके भाई मंजू की माँ के लिए प्रार्थना करें जो मसीही धर्म का विरोध करते हैं, उन्हें हमारे प्रभु के प्रेम का अनुभव हो और उनका हृदय परिवर्तन हो। बहुत से लोग साधक शिविर में भाग लें और उद्धार पाएँ। जोइकेनोरा को गले में अत्यधिक ऊतक वृद्धि से चंगाई मिले। विश्वासी लोपाथाई के लिए प्रार्थना करें कि वह विश्वास में आगे बढ़ें और उसका पति पश्चाताप करे तथा वे बचाए जाएँ। हमारे मिशनरी की बेटी लिसा खाँसी और रक्त में कम WBC स्तर से पीड़ित है, उसे प्रार्थना और परमेश्वर की कृपा से पूर्ण चंगाई मिले।

जन्मदिन मुबारक

श्रीमती रानी जेसिलेट पॉल अल्बर्ट

जोनाईः

सुनील प्रसाद एवं जॉय बेला

स्तुतिः उन तीन युवकों के लिए जिन्होंने यीशु को अपना निजी उद्धारकर्ता स्वीकार किया है। 2 बाइबल के लिए
अध्ययन समूह जो शास्त्रों को सीखने के लिए एकत्रित होते हैं। 10 गांवों में अनुवर्ती कार्रवाई की गई। हमारे विश्वासियों के लिए ैब|छ और पदोन्नति बैठकों में भाग लेने के लिए यात्रा दया के लिए। युवा रविवार की सेवाओं में उत्सुकता से भाग ले रहे हैं।

प्रार्थनाः प्रार्थना करें कि सिले, लेकु जेलम और रिग्बी में सुसमाचार प्रचार के लिए द्वार खुले हो और इन गाँव में एक संगति सभा शुरू हो। प्रार्थना करें कि बाली और गाली गाँव की संगति सभा एक मण्डली में विकसित हो। प्रार्थना करें कि 5 और मण्डलियाँ शुरू की जाएँ तथा 10 प्राचीनों को प्रशिक्षित किया जाए तथा 5 गाँवों की पंचायतों तक सुसमाचार पहुँचाया जा सके।

छत्तीसगढ

हट्टीः

दिनेश कुमार एवं नीतू

स्तुतिः कलीसिया के प्राचीनों और विश्वासियों ने एक साथ मिलकर कटकोना और किटकावरी गाँव में आयोजित 3 दिवसीय उपवास प्रार्थना सभा में भाग लिया। लगभग 150 लोगों ने 3 नए गाँवों में सुसमाचार का प्रचार सुना। रत्या समुदाय के 3 लोगों ने मसीह को अपने उद्धारकर्ता के रूप में स्वीकार किया। प्रभु ने मिशन कार्यकर्ताओं को सभी बुराईयों से बचाया और उन्हें सभी नियोजित रात्रि सभाओं, भजन सभाओं आदि को सुचारू रूप से संचालित करने में सहायता की।

प्रार्थनाः प्रभु से प्रार्थना करें कि नरेश रत्या के लिए एक उपयुक्त जीवन साथी प्रदान करे। मोंगरा रत्या को दुष्टात्मा के कब्जे से मुक्ति मिले। तेजोबाई के पति के मनफिराव के लिए प्रार्थना करें कि वह अपनी पत्नी के साथ सुलह करके एक साथ रहे। रत्या समुदाय के लोगों के लिए प्रार्थना करें कि परमेश्पर सुसमाचार के प्रति उनके कानों को खोले। परमेश्वर से प्रार्थना करें कि वह हमारे मिशनरी नीथू की माँ को चंगाई दे जो उच्च रक्तचाप, सिरदर्द और साँस लेने की समस्याओं से पीड़ित हैं।

उसने पानी को पोषक तत्वों में बदला

महाराष्ट्र के कपराड़ क्षेत्र के एक विश्वासी दिलीपभाई ने अपने खेत में लौकी लगाई थी। एक शाम, उन्होंने देखा कि उनके पौधों की पत्तियाँ पीली पड़ रही हैं, जिससे वे बहुत परेशान हो गए। विश्वास के साथ, उन्होंने अपने कुएँ से पानी की एक बोतल ली, उस पर प्रार्थना की, और पौधों पर छिड़का। अगली सुबह, वे पौधों को फिर से जीवंत और हरा–भरा देखकर आश्चर्यचकित हो गए। दिलीपभाई ने अपने सरल लेकिन गहन विश्वास के कार्य का उत्तर देने के लिए परमेश्वर को धन्यवाद दिया। परमेश्वर की स्तुति हो!

जन्मदिन मुबारक

श्रीमती एंजल रोनजय नर्जरी

कटघोराः वलवी दिना ढाना एवं भुसारे शैला

स्तुतिः परमेश्वर की अनुग्रह से हम 10 नए गाँवों में लगभग 230 लोगों को सुसमाचार सुनाने में सक्षम हुए। कुरुसिया गाँव के स्थानीय प्रचारकों के लिए प्रशिक्षण कार्यक्रम आयोजित किया गया। देवसाई की पत्नी की सुरक्षित प्रसव के लिए प्रार्थन करें। परमेश्वर ने अपने कार्यकर्ताओं को सभी बुराइयों और खतरों से सुरक्षित रखा। विश्वासियों के पारिवारिक मिलन, बाइबिल अध्ययन, रात्रि सभा और उपवास प्रार्थनाओं का सफलतापुर्वक संचालित की गई।

प्रार्थनाः लालपुर, थंगावन, सकपारी, धजक कटमुडा के गांवों के लोगों के लिए प्रार्थना करें जो सुसमाचार में गहरी दिलचस्पी दिखाते हैं, उन्हें मसीह यीशु में उद्धारक विश्वास की ओर ले जाया जा सके। मुनीश्वर, नागरसाई, कुंवर और जिथेन के परिवारों के लिए प्रार्थना करें कि वे कलीसियाई आराधनाओं में नियमित रूप से भाग लें। हमारे विश्वासियों के बच्चों के विश्वास में वृद्धि के लिए प्रार्थना करें। अंजलि को टॉइफाइड बुखार से और सुरेश को शराब की लत से चंगाई मिले। मुनीश्वरन को परेशान करने वाले पारिवारिक मुद्दों के समाधान के लिए प्रार्थना करें। प्रार्थना करें कि फसल के मौसम के दौरान विश्वासियों की भूमि की सुरक्षा हो। विश्वासियों के लिए प्रार्थना करें कि वे रविवारीय आराधना सेवाओं को कभी न छोडें।

बलोडाबाजारः रामेश्वर दयाल एवं मधुकला

स्तुतिः घिटारीपाली और नयापारा गाँवों में 500 लोगों ने पहली बार सुसमाचार सुना। 2 लोगों ने प्रभु को अपना व्यक्तिगत उद्धारकर्ता स्वीकार किया है। खम्हरिया गाँव में खोजियों का शिविर आयोजित किया गया। 3 स्थानों घुईहा, कैरी, बरतोरी और अमलीडीह गाँवों में जीसस फिल्म दिखाई गई। पचपेड़ी और भटचौरा गाँवों में बाइबल अध्ययन आयोजित किया गया।

प्रार्थनाः तिर्थराम, मैना और काजोल चतुर्वेदी के लिए प्रार्थना करे कि वे यीशु मसीह को अपना व्यक्तिगत उद्धारकर्ता स्वीकार करें। सेम्हराडीह गाँव में सेवकाई का विरोध करने वाले रुच्छू घृतलहरे, मूलचंद्र दहेरिया और दुजराम सोनवानी के लिए प्रार्थना करें कि वे प्रभु को ग्रहण करें। प्रार्थना करें कि छत्तीसगढ़ राज्य में उत्पीड़न और घर वापसी कार्यक्रम बंद हो। खम्हरिया गाँव के लोग नियमित रूप से आराधना करें और चर्च के लिए उपयुक्त भूमि प्राप्त हों। अजय धीमर के मन पकरवर्तन के लिए प्रार्थना करें जो सेवकाई का विरोध कर रहा हैं,। बलोडा बाजार जिले के 961 गाँवों में जल्द ही 5 प्रखण्ड के 611 गाँवों की पंचायत तक पहुंचा सुसामचार पहुँचाया जा सके।

जन्मदिन मुबारक

श्रीमती कविता थिम्मेश
श्री फेलिक्स कामलियोल एडवर्ड

सीतापुरः

मुथुकुमार एवं नेत्रावती

स्तुतिः 16 लोगों ने अपना पुराना जीवन को त्यागकर यीशु की मण्डली में शामिल हो गए। पुलेश्वरी के परिवार में गरीबी के बावजूद वह सेवकाई के लिए आगे आई है। प्रार्थना करें कि मेनबाट में रहने वाले तिब्बती प्रवासियों के बीच सुसमाचार के लिए द्वार खुले। आयोजित युवा सभा में 70 युवाओं ने भाग लिया।

प्रार्थनाः युवाओं के बीच द्वितीय चरण की सफल सेवकाई के लिए प्रार्थना करें ताकि उन्हें मसीह के लिए जीता जा सके। 20 वर्षीय अमरदीप जो मानसिक बीमारी के कारण जंजीरों में बंधा हुआ है, प्राथ्रना करें कि उसे चंगाई मिले तथा विनोद यादव जो मानसिक रूप से बीमार है और नशे का आदी है, उसे छुटकारा मिले और मसीह को स्वीकार करे। परमेश्वर अमरसीला को पेट के कैंसर से, किंजल और परमिला को रक्त कैंसर से, माजिनी की माँ को हृदय और फेफड़ों के आसपास पानी के जमाव से चंगाई प्रदान करे।

ओड़िशा

जगनाथपुरः

बासुदेव मालतो एव बसंती मालतो; सुरेश मालतो

स्तुतिः 13 नए गाँवों में सुसमाचार का प्रचार किया गया, प्रभु ने लगभग 5547 लोगों को पहली बार सुसमाचार सुनने के लिए सक्षम बनाया। उनमें से 9 ने मसीह में अपने विश्वास को स्वीकार किया। कोंडो और महादिसाई क्षेत्र के चर्च के प्राचीनों और विश्वासियों द्वारा आउटरीच सुसमाचार सभा आयोजित की गई। परजामदाव में महिलाओं की एक प्रशिक्षण सभा आयोजित की गई। एक चर्च आधारित प्रशिक्षण केंद्र का निर्माण किया जा रहा है। प्रार्थना करें कि हमारे स्वयं सेवक गणश्याम और रेंसो के परिवारों को संतान की आशीष प्राप्त हो।

प्रार्थनाः प्रार्थना करें कि आगामी आउटरीच सेवा फलदायी हो। जमनाली चर्च से संबंधित दस्तावेजों को सुचारू रूप से FMPB को हस्तांतरित किया जा सके। सुकलाल लाहौरी को मिर्गी से और जोवनथॉय को उनके पैरों और पेट की सूजन से चंगाई मिले। चर्च एल्डर्स प्रशिक्षण कार्यक्रम, नए विश्वासियों के प्रशिक्षण कार्यक्रम, युवा नेताओं के प्रशिक्षण कार्यक्रम के फलदायी होने और आशीष के लिए प्रार्थना करें।

गुजरात

मोटापोंडाः

मरकस मालतो एवं सारा मालतो

स्तुति : जसवंत बाई के लिए, जिनकी आँखों की सर्जरी के बाद भी दृष्टि चली गई थी। जब विश्वासियों ने उनके लिए प्रार्थना की, तो प्रभु ने उनके दृष्टि को पुनः बहाल कर दिया। 5 नए परिवारों ने सुसमाचार में रुचि दिखाई है। परमेश्वर ने केसरबेन के प्रार्थना के द्वारा उनके परिवार में शांति बहाल की। काकुटकुवा गाँव की दीपाली बेन का परिवार चर्च में नई सदस्यता ग्रहण की। सारी रात की सभाओं में लगभग 35 लोगों ने सुसमाचार सुना।

प्रार्थनाः कलीसियाई आराधना में नए आने रहे नवीन के परिवार के लिए प्रार्थना करें कि वे मसीह यीशु को अपने व्यक्तिगत उद्धारकर्ता के रूप में स्वीकार करें। कोपरोली गाँव की बाबूबाई को मिर्गी से, प्रीतिबेन को साँस लेने की समस्या से, इष्टीबेन को कान के संक्रमण से और बिक्कूबाई को हाथों के दर्द से चंगाई मिले। नए विश्वासियों के लिए प्रार्थना करें कि वे दिन–प्रतिदिन यीशु मसीह के ज्ञान में आगे बढ़ें। हमारे स्थानीय प्रचारक की सुरक्षित यात्रा और उत्साह के साथ प्रभु की सेवा करने के लिए प्रार्थना करें।

आह्वाः

विग्नेश्वरन एवं एंजेलिन एम.

स्तुतिः 52 लोगों ने मसीह को अपना निजी उद्धारकर्ता स्वीकार किया और अपने विश्वास का अंगीकार किया। स्थानीय प्रचारकों के लिए सभाएँ 4 स्थानों पर आयोजित की गई। जब हमारे स्वयं सेवक जयराम बाई चर्च सेवा का संचालन करने के लिए जा रहे थे, तो उन्हें दिल का दौरा पड़ा और वे बेहोश हो गया। सौभाग्य से, राहगीरों ने उन्हें अस्पताल में भर्ती कराने में मदद की, जहाँ उनका दिल का ऑपरेशन हुआ और वे बच गया। जब कलाबेन को खेत में एक जहरीले साँप का सामना करना पड़ा, तो ईश्वर ने उनकी रक्षा की और वह सुरक्षित रही। स्थानीय प्रचारक की यात्रा सुरक्षा और सेवा करने की उत्साही भावना के लिए प्रार्थना करें।

प्रार्थनाः टाकलीपाड़ा गाँव की देवाबेन और मठिया गाँव की सीताराम बाई को मिर्गी से चंगाई मिले। लीला बेन को आंतों की बीमारी से, लकन भाई और लक्षुबाई को कैंसर से चंगाई मिले। नर्सिंग की डिग्री पूरी कर चुकी अंजली को अच्छी नौकरी प्राप्त हो। उन धार्मिक कट्टरपंथियों के लिए प्रार्थना करें जो डांग जिले के हर गाँव में हनुमान मंदिर बनवा रहे हैं और हमारे विश्वासियों को मसीह पर अपने विश्वास को त्यागने की धमकी दे रहे हैं। काशीराम, बालू, सुरेश, रेवेन, मोहन, रामराज, कुमान, मालू, रालू और रमन के पश्चाताप और उद्धार के लिए प्रार्थना करें जो ईसाई धर्म का घोर विरोध करते हैं। विश्वासियों को मौजूदा विरोध के बावजूद भी आराधना सेवा में भाग लेने का साहस मिले।

उपवास प्रार्थना दिवस

सूरतः माधव रॉय (सेवानिवृत्त) एवं जेबाथंगम

स्तुतिः 7 स्थानों पर आयोजित रात्रि सभाओं में 225 लोगों ने सुसमाचार सुना। जब हमारी विश्वासी शोभाबेन ने 10 महीने के आयुष के लिए प्रार्थना की, जो रात भर लगातार रोता रहा, तो प्रभु ने अपनी कृपा से बच्चे को शांत कर दिया और उसे अच्छी नींद प्रदान की। हमारे मिशनरी के छोटे बेटे की धन्य विवाह के लिए परमेश्वर को धन्यवाद दें।

प्रार्थनाः प्रार्थना करें कि जिन्होंने सुसमाचार सुना है वे प्रभु यीशु मसीह पर विश्वास करें। आराधना सेवा आयोजित करने के लिए एक सही स्थान प्राप्त हो। जो लोग विश्वास की सार्वजनिक स्वीकारोक्ति के लिए तैयार हैं, वे दृढ़ रहें और अपने रास्ते में आने वाली हर बाधाओं को पार कर सकें। जो विश्वासी व्यवसाय में मंदी के कारण अपने पैतृक गाँवों में लौट आए हैं, वे प्रभु में अपना विश्वास बनाए रखें। प्रार्थना करें कि विश्वासी अपने रिश्तेदारों के साथ सुसमाचार साझा करें।

उमरगमः असीर मोसेस एवं अमिरधा गोल्डा

स्तुतिः थुम और निगोली गाँवों के 15 लोगों को उद्धार का ज्ञान प्राप्त हुआ और उन्हें मसीह में नया जीवन मिला। वापी, इरोली और पूर्व गाँवों में नई आराधना समूह स्थापित किए गए हैं। कलीसिया के प्राचीनों और स्थानीय प्रचारकों के लिए आयोजित प्रशिक्षण कार्यक्रम आध्यात्मिक रूप से ज्ञानवर्धक रहा। 2 गाँवों में सुसमाचार का प्रचार किया गया और लगभग 10 बाइबल, 45 नए नियम और 150 आध्यात्मिक साहित्यों का वितरण किया गया।

प्रार्थनाः प्रार्थना करें कि निगोली और अनलास चर्च के वार्षिक समारोह बिना किसी बाधा के आयोजित किए जाएँ। युवा सम्मेलन, आउटरीच कार्यक्रम, सार्वजनिक विश्वास की स्वीकारोक्ति कार्यक्रम, उपवास प्रार्थना और रात्रि सभाएँ सुचारू रूप से और योजना के अनुसार आयोजित की जा सके।

सभी डाक्टरों से बढ़कर

छत्तीसगढ़ के घरघोड़ा क्षेत्र की सगुणा रतिया एक अज्ञात बीमारी से पीड़ित थी, जिससे उसके पूरे शरीर में भयंकर दर्द हो था। उसके गाँव में हर कोई उसके संघर्ष से अच्छी तरह वाकिफ थे। कई अस्पतालों में जाने और तांत्रिकों से मदद मांगने के बावजूद, सभी प्रयास व्यर्थ साबित हुए। अंत में, वह हमारे एक विश्वासी के पास गई और एक बेहतर डॉक्टर खोजने में सहायता का अनुरोध किया। किसी डाक्टर के पास ले जाने के बजाय, विश्वासी ने उसे एक सभा में ले गया, जहाँ हमारे विश्वासीगण प्रार्थना में एकजुट हुए। उनकी सच्ची प्रार्थनाओं के माध्यम से, हमारे सर्वशक्तिमान परमेश्वर ने सगुणा को पूरी तरह से चंगाई दी। उस क्षण से, लोगों ने सगुणा को उस ईश्वर की आराधना करने के लिए प्रोत्साहित करना शुरू कर दिया, जिसने उसे चंगाई दी थी। हल्लेलूय्याह!

जन्मदिन मुबारक

श्रीमती निशा डेविड मसीह

सिलवासाः
डेविडसन राजसिंह एवं कनमनी परिमालम

स्तुतिः लगभग 290 लोगों को सुसमाचार सुनाया गया। उनमें से लगभग 75 लोग कलीसिया में शामिल हो गए हैं। परमेश्वर की अनुग्रह से 2 गाँवों में जीसस फिल्म दिखाई गई। अंबाबाड़ी में चर्च का समर्पण परमेश्वर की महिमा के लिए किया गया। धारकीबेन को जहरीले साँप के काटने से और लीलाबेन को बिच्छू के काटने से चंगाई मिली। पूजा बेन के जीवन में आए अद्भुत परिवर्तन के लिए परमेश्वर को धन्यवाद दें जिन्होंने कभी मसीही धर्म का घोर विरोध किया था; जब उन्हें अपने पेट की सर्जरी करवानी पड़ी, तो विश्वासियों ने प्रार्थना की और वह सर्जरी की आवश्यकता के बिना ही ठीक हो गईं और यीशु मसीह में विश्वास की अपनी यात्रा आरम्भ कर दिया है।

प्रार्थनाः मनीषा बेन और सुरजीबाई के लिए प्रार्थना करें जो अपने विश्वास से पीछे हट गई हैं, ताकि वे प्रभु के पास वापस आएँ। प्रभु से प्राथ्र्ना करें कि कजरीबेन और अजय बाई की बेटी की दृष्टि पुनः बहाल हो। थिनोदा और कदली गाँवों के लोगों के लिए प्रार्थना करें जिन्हें सुसमाचार सुनाया गया है ताकि वे एक उद्धार देने वाले विश्वास में आ सकें। 15 वर्षीय प्रिया को दुष्ट आत्मा के कब्जे से छुटकारा मिले। अर्चना बेन को कुष्ठ रोग से और तेजल बेन को मानसिक अवसाद से चंगाई मिले। प्रार्थना करें कि धर्मेश और संतोष को कलीसियाई आराधना में बिना किसी रूकावट के भाग लें।

बोडेली एवं दभोईः
येसु बाबू एवं उषा

स्तुतिः 128 लोगों को सुसमाचार सुनाया गया। दाल नगर में 1 नया आराधना समूह और 1 मण्डली का गठन किया गया। 3 बाइबिल बितरित किए गए। विकेश भाई की पत्नी जो कई महीनों से एक अज्ञात बीमारी से पीड़ित थी और खाने में असमर्थ थी और उल्टी करती रहती थी, जब उसे प्रार्थना के लिए लाया गया तो वह चंगी हो गई। दक्षा बेन को 7 साल बाद प्रार्थना के माध्यम से एक बच्चे का आशीर्वाद मिला।

प्रार्थनाः सिंगला बाई और रमेश बाई के लिए प्रार्थना करें कि वे अपने विश्वास में दृढ़ रहें क्योंकि उन्हें उनके अपने परिवार के सदस्यों द्वारा सताया जा रहा है। मीना का परिवार जो 13 वर्षों से संतान प्राप्ति के आशीर्वाद का इंतजार कर रहा है, उसे संतान का आशीर्वाद मिले। राहुल भाई की पत्नी जो उन्हें यीशु मसीह में उनके विश्वास के लिए परेशान कर रही है ताकि वे प्रभु को स्वीकार कर सकें। कविता गाँव की मिसली बेन और सावंती बेन को कैंसर से चंगाई मिलने के लिए प्रार्थना करें।

जन्मदिन मुबारक

श्रीमती देवा किरुबाई विजय बाबू

कावंतः

अखिलेश कुमार एवं किरण देवी

स्तुतिः 2 नए गाँव में सुसमाचार पहुँचाया गया और 40 घरों का दौरा किया गया। 6 लोगों ने प्रभु में अपने विश्वास का अंगीकार किया। तरस्वा गाँव की सकीनाबेन प्रसव वार्ड में बेहोश हो गई, परन्तु जब उसके परिवार ने उसके लिए प्रार्थना की तो वह होश में आ गई और उसने बच्चे को जन्म दिया। धनबयडी गांव का दामड़िया भाई के लिए प्रभु को धन्यवाद दें जो कभी सताया करता था, जिसके कारण उस गाँव में आराधना बंद हो गई थी, उसने हमारे स्थानीय प्रचारक को उसके लिए प्रार्थना करने के लिए आमंत्रित किया है।

प्रार्थनाः हमारे नए विश्वासीगण सकराजी गाँव के इन्फलभाई और राजमलभाई के लिए प्रार्थना करें जिन्होंने अपनी दोनों आँखों की रोशनी खो दी है, ताकि वे देख सकें। करजवाणी गाँव की फुमटीबेन, जो पिछले 4 वर्षों से सुनने और देखने में असमर्थ हैं, परमेश्वर उसे छूए और चंगाई दे। प्रभु जार्वी गाँव की सपनाबेन को संतान प्राप्ति का आशीष दे। प्रार्थना करें कि ढाकनबयड़ी, उमरखाड़ी, काकुड़सीला सनोटा में उत्पीड़न के कारण बंद हो चुके धार्मिक आयोजनों को पुनः शुरू किया जा सके।

झालोदः

कुमार पॉल एवं अमुधा

स्तुतिः झाबिल गाँव के नीलेश भाई जिन्होंने चर्च आना बंद कर दिया था, अब नियमित रूप से चर्च में भाग ले रहा है। कोड़िया क्षेत्र में चर्च के प्राचीनों का प्रशिक्षण कार्यक्रम सफलतापूर्वक आयोजित किया गया। कोड़िया क्षेत्र की विमला बेन को पूरे शरीर में हो रही जलन से चंगाई मिली।

प्रार्थनाः आगामी वी.बी.एस., युवा सभा और जागृति सभाओं की सफलता के लिए प्रार्थना करें। प्रार्थना करे कि इस क्षेत्र में सभी लोगों को आमंत्रित करके सामाजिक क्रिसमस कार्यक्रम आयोजित करने की योजना सफल हो; स्थानीय प्रचारकों से सहयोग मिले और वित्तीय जरूरतें पूरी हों। परमेश्वर झालमपुर के सोमाभाई को चंगाई प्रदान करे जिनकी एड़ी में अतिरिक्त हड्डी बढ़ गई है और उन्हें सांस लेने में तकलीफ है। रामलाल भाई को लकवा से चंगाई मिले। नीता बेन को दुष्टात्मा के बन्धन से छफटकारा मिले। शारला बेन और मार्था बेन को संतान की आशीष मिले।

प्रांतिजः

बिस्वारंजन एवं प्रबीना रानी

स्तुतिः आत्माराम और सोमा काका के लिए प्रभु की स्तुति करें जो सुसमाचार में रुचि रखते हैं और प्रार्थना सभा रखने के लिए तैयार हैं। गौरांग को अपनी पत्नी की मृत्यु के बाद परमेश्वर के वचन से सांत्वना मिली। पल्लवी बेन जो कैंसर के कारण अब इस दुनिया में नहीं रहीं, जिनके लिए हमने प्रार्थना की थी, अपनी मृत्युशैया पर बाइबल पढ़ती पाई गईं। घनश्याम को आंशिक पक्षाघात से चंगाई मिल रही है। परमेश्वर ने मिशनरी को बाइक दुर्घटना से बचाया।

प्रार्थनाः अलगू भाई के लिए प्रार्थना करें जो शराब का आदी है और अपनी विश्वासी पत्नी के मन परिवर्तन का विरोध करता है। पंकज भाई और श्रीनिल भाई जिन्होंने सुसमाचार सुना है यीशु को स्वीकार करें। वासना चौधरी गाँव में प्रार्थना शुरू करने के लिए उठाए गए कदमों के सफल होने के लिए प्रार्थना करें। पायल और अमित भाई को संतान सुख की प्राप्ति हो। जयदीप को मानसिक बीमारी से चंगाई मिले। रेखाबेन और बुलबुल बेन द्वारा सामना किए जा रहे वैवाहिक मुद्दे का शांतिपूर्ण समाधान हो। ललिता बेन को स्तन कैंसर से चंगाई मिले।

महाराष्ट्र

कपराडा़ः

बिदुश कुमार नायक एवं प्रीतिबाला

स्तुतिः 34 लोगों ने प्रभु को अपना व्यक्तिगत उद्धारकर्ता के रूप में स्वीकार किया। कोरपाड़ा चर्च का निर्माण के लिए नेव डाली गई है। हरकमल चर्च में आयोजित महिला प्रशिक्षण कार्यक्रम में 47 महिलाओं ने भाग लिया। परमेश्वर ने सकरम भाई और धौलीभाई बेन को बिजली के झटके से बचाया। परमेश्वर ने मानाभाई को नदी में नहाते समय एक जहरीले साँप से बचाया।

प्रार्थनाः रेखा के पति के लिए प्रार्थना करें जो उसे यीशु से संगति रखने के लिए आराधना में शामिल होने से रोकता है। परमेश्वर गोबजी बाई को कुष्ठ रोग से चंगाई प्रदान करे। प्रार्थना करें कि कलीसिया के प्राचीन उत्साहपूर्वक प्रशिक्षण में भाग लें। विश्वासी स्वेच्छा से कोरपाड़ा चर्च के निर्माण में शामिल हों। 7 स्थानों पर आयोजित होने वाली वी.बी.एस. कार्यक्रम सफल और फलदायी हो। थेकवाड़ा गाँव में चर्च निर्माण में बाधा डालने वाली नवजुबाई को ईश्वर के प्रेम का स्वाद चखने का अवसर मिले। जो लोग प्रभु में अपने विश्वास का अंगीकार करने के लिए तैयार हैं उनके लिए दो स्थानों पर कार्यक्रम की योजना बनाई गई है, प्रार्थना करें कि यह कार्यक्रम का संचालन बिना किसी रुकावट के हो सके।

पेंटः

वीनू एम. एवं सुबिला; ज्ञानासुंदरी

स्तुतिः 2 गाँव के लगभग 120 लोगों ने सुना, जहाँ सुसमाचार साझा किया गया था। वयस्क साक्षरता कक्षाओं, आत्मा विजेताओं के प्रशिक्षण और बच्चों और युवाओं की सभाओं का सफलतापुर्वक संचालन किया गया। 8 गाँवों में द्वितीय चरण की सेवकाई का आयोजन किया गया। सोनी के सुरक्षित प्रसव के लिए प्रभु को धन्यवाद दें। 16 दिनों से अधिक समय से गंभीर बुखार से पीड़ित साक्षी को प्रार्थना के द्वारा चंगाई मिली। जब भारी बारिश के कारण कई लोगों की फसलें बर्बाद हो गईं, तब भी परमेश्वर ने विश्वासी राम चौहान की फसलों को चमत्कारिक तरीके से बचाया। सर्वेश, राहेल और प्रिंस को टॉइफाइड चंगाई मिली।

प्रार्थनाः प्रियंका, अनिल की पत्नी, राजवीर, गौरव और पूनम के परिवार के लिए प्रार्थना करें कि वे मसीह को अपना निजी उद्धारकर्ता स्वीकार करें। किट्टी, सकराई और कबीरनगर गाँवों में प्रार्थना कक्षों की स्थापना किया जा सके। युवाओं के लिए प्रार्थना करें कि वे कलीसियाई आराधनाओं और मिशन–उन्मुख कार्यक्रमों के प्रति उत्साही हों। नौकरी की कमी और बीमारियों से जूझ रहे विश्वासियों के परिवारों के बीच प्रभु के चमत्कारी हस्तक्षेप के लिए प्रार्थना करें। प्रार्थना करें कि क्षय रोग से पीड़ित सुनील, किडनी की पथरी से राकेश की पत्नी, किडनी की बीमारी से जय नारायणनको और लंबे समय से चल रहे सिरदर्द से सुमीर को चंगाई मिलने के लिए प्रार्थना करें।

अक्कलकुवाः

जगमोहन सिंह एवं स्वाति

स्तुतिः 72 लोगों ने सुसमाचार सुना। 7 गाँवों में द्वितीय चरण की सेवकाई पूरी की गई। 5 स्थानों पर रात्रि प्रार्थना और 6 स्थानों पर उपवास प्रार्थना आयोजित की गई। मिशनरियों की अनुपस्थिति में स्वयंसेवक आराधना सेवाओं को संभालने के लिए सक्षम है और वे तैयार रहते हैं। डबरियाम्बा गाँव में एक नई आराधना दल की शुरूआत की गई है।

प्रार्थनाः प्रार्थना करें कि सोनल को पेट की सूजन से, शीजा और स्वाति को आंतों की सूजन तथा तंत्रिका सम्बन्धि समस्या से चंगाई मिले। हमारे स्वयंसेवक सुनील भाई और उषा को अपनी स्वास्थ्य समस्याओं के बारे में बताने और उत्साहपूर्वक सेवकाई में शामिल होने के लिए आमंत्रित किया गया है। उन विश्वासियों के लिए प्रार्थना करें जो अपनी नौकरी की खातिर पलायन कर गए हैं ताकि वे अपने विश्वास में दृढ़ रहें। जो लोग पीछे हट गए हैं, वे अपने विश्वास को फिर से शुरू करें और आराधना में शामिल हों।

जन्मदिन मुबारक

श्रीमती अर्चना मोहन

पिंपलनेर: बालाजी नेट्टालम एवं जगदेश्वरी

स्तुति: 6 नए गाँवों में 3300 लोगों को सुसमाचार सुनाया गया है। उनमें से 13 ने प्रभु को अपना निजी उद्धारकर्ता स्वीकार किया है। उनके लिए आयोजित एक दिवसीय प्रशिक्षण कार्यक्रम में कलीसिया के 32 प्राचीनों को प्रशिक्षित किया गया। एक नया प्रार्थना समूह का गठन किया गया है। मुल्लार गाँव में आयोजित दो दिवसीय उपवास प्रार्थना में 120 लोगों ने भाग लिया। 180 व्यक्तियों ने विश्वासियों के लिए आयोजित दो दिवसीय सभा में भाग लिया और आशीर्वाद प्राप्त किया।

प्रार्थना: प्रार्थना करें कि परमेश्वर सरला, सरिगा, सोनिया, मीना और सरला रवि को संतान सुख प्रदान करे। विक्रम पवार, विष्णु पवार और गायत्री परिवारों के उद्धार के लिए प्रार्थना करें। प्रार्थना करें कि पोपट, भरमनवेल और पिंजरीपाड़ा गाँव में सुसामचार प्रचार के सभी प्रयासों को आशीर्वाद दे। मंगलदास को कुष्ठ रोग से,, अंजलि को अवसाद से और गोमीबेन पक्षाघात से मुक्ति मिले। रघुनाथ और राधा को दुष्टझतमाओं के बन्धन छुटकारा मिले।

कर्नाटक

हुबली क्षेत्र: सुनील कुमार एवंसंगीता

स्तुति: पिछले महीने 13 लोगों ने यीशु मसीह को अपना निजी उद्धारकर्ता स्वीकार किया है और कलीसिया में शामिल हुए हैं। हुबली चर्च की रजत जयंती हर्षोल्लास से मनाई गई। कार्यक्रम में लगभग 1200 लोगों ने भाग लिया और प्रभु की आराधना की।

प्रार्थना: नंथूकोट और एलबर्गा क्षेत्र में उपयुक्त भूमि प्राप्त हो और कलीसिया भवन का निर्माण किया जा सके। प्रार्थना कि हमारे स्थानीय प्रचारक संतोष के खिलाफ दर्ज मामला जल्दी ही न्यायिक निष्कर्ष पर पहुँचे। हुबली क्षेत्र के युवाओं के लिए प्रार्थना करें कि वे मसीह को अपना व्यक्तिगत उद्धारकर्ता स्वीकार करें और पवित्र जीवन जीने के लिए अपने जीवन को समर्पित करें।

पुजारी द्वारा मसीह की ओर मार्गदर्शन

महाराष्ट्र के पेंट क्षेत्र के थुथवेल गाँव की निवासी सुकरी भाई को पेट में तेज दर्द था। उसने कई पुजारियों से मदद मांगी परन्तु उसे कोई राहत नहीं मिली। आखिरकार, वह थवलू नामक एक स्थानीय पुजारी के पास गई, जिसने उसे कुछ दवाइयाँ दीं, परन्तु उसकी हालत में कोई सुधार नहीं हुआ। पुजारी ने उसे यह स्वीकार करते हुए कि वह और कुछ नहीं कर सकता, सलाह दी कि वह अपने गाँव के मसीहियों से मदद मांगे और प्रार्थना करे। उसकी सलाह मानकर, सुकरी बाई उनके पास गई और उन्होंने उसके लिए प्रार्थना की। उनकी प्रार्थनाओं के माध्यम से, वह पूरी तरह से चंगी हो गई। इस चमत्कार से प्रभावित होकर, उसने यीशु मसीह को अपना निजी उद्धारकर्ता स्वीकार कर लिया। हल्लेलुय्याह!

24 दिसम्बर
मंगलवार

जन्मदिन मुबारक

श्रीमती वेनी जॉन

मुंडगोड़/सिग्गांवः नरेंद्र कुमार

स्तुतिः 5 लोगों ने यीशु को अपना व्यक्तिगत उद्धारकर्ता स्वीकार किया है और सार्वजनिक रूप से अपने विश्वास का अंगीकार किया। जब हमारे विश्वासी निंगप्पा के पिता का निधन हुआ, तो ग्रामीणों ने 60,000 रुपये का जुर्माना अदा किए बिना दफनाने की अनुमति नहीं दी। विश्वासियों ने हृदय से प्रार्थना की और परमेश्वर ने ग्रामीणों का हृदय परिवर्तन किया और उन्होंने नरमी दिखाई और बिना किसी परेशानी के दफनाने की अनुमति दी।

प्रार्थनाः प्रभु से प्रार्थना करें कि लकवाग्रस्त होने के कारण चलने में असमर्थ प्रकाश को पूर्ण चंगाई प्रदान करे। मुलेष के लिए प्रार्थना करें जिसकी किडनी खराब हो गई है, उसे दैवीय चंगाई प्राप्त हो। कावेरी नामक 2 वर्षीय बच्ची को उसके दिल के छेद से चंगाई मिले। मुस्लिम से धर्मांतरित हमारे विश्वासी बेबीजान के लिए प्रार्थना करें जो मधुमेह के कारण सड़ने वाली उंगली से प्रभु उसको चमत्कारी चंगाई प्रदान करे। प्रार्थना करें कि धार्मिक कट्टरपंथियों द्वारा उत्पीड़न के बावजूद, प्रभु हमारे विश्वासियों को उनकी नियोजित सेवकाई को पूरा करने में मदद करे। चिट्टी जन समूह की भाषा जानने वाला इम्मानुएल के लिए प्रार्थना करें कि चिट्टी जन समूह के बीच पूर्णकालिक सेवकाई के लिए स्वयं को समर्पित करे।

शिरहट्टीः आशाप्राप्ता एवं दीना कुमारी

स्तुति : 2 व्यक्तियों ने मसीह में अपना विश्वास का अंगीकार किया और मसीह के पंथ में शामिल हो गए। प्रार्थनाओं के कारण लकवाग्रस्त एलम्मा को चंगाई मिली। प्रभु ने विश्वासी संतम्मा को अपना घर बनाने के लिए भूमि प्रदान की।

प्रार्थनाः प्रार्थना करें कि एक महीने से किडनी की बीमारी से पीड़ित निर्मला को परमेश्वर चंगाई दे। शराब की लत से पीड़ित नागराज को इस बंधन से मिले। परमेश्वर की अनुग्रह से जमीला और मंजुला को चर्म रोग से चंगाई मिले।

★★★★★★★★★★★★★★★★★★★

महान चंगाईकर्ता, यीशु!

हिमाचल प्रदेश के मंडी जिले के करसोग की हमारी एक विश्वासी अंजू देवी अपना काम कर रही थी, तभी उसकी गर्दन में पाइप का एक टुकड़ा फंस गया और अंदर ही टूट गया। उसे सांस लेने में तकलीफ होने पर अस्पताल ले जाया गया। जब डॉक्टरों ने उसकी जाँच की और सर्जरी की तारीख तय की, तो विश्वासी एकत्र हुए और उसके लिए प्रार्थना की। सभी को आश्चर्य हुआ कि बिना किसी सर्जरी के पाइप का टूटा हुआ टुकड़ा उसकी नाक से बाहर आ गया। हल्लेलुय्याह!

★★★★★★★★★★★★★★★★★★★

उपवास प्रार्थना दिवस

जन्मदिन मुबारक

श्रीमती लिबेनी जामी

गजेंद्रगड़ाः लूबिन मुर्मू एवं सलोमी हंसदा

स्तुतिः हमारी विश्वासिनी दुर्गम्मा को उनके गाँव की पंचायत अध्यक्ष के रूप में चुना गया है। दुर्घटना में सिर में गंभीर चोट लगने के बावजूद परमेश्वर ने प्रभु की जान बचाई। सड़क किनारे खड़े हाने के समय एक अनियंत्रित वेन के धक्के से घायल रमेश को परमेश्वर ने हाथ—पैर टूट जाने के बावजूद उसकी जान बचाई।

प्रार्थनाः प्रार्थना करें कि प्रभु विश्वासी मलम्मा को अपने बेटे के शल्य चिकित्सा उपचार के लिए की लिए गए 4 लाख का ऋण चुकाने में समर्थ प्रदान करे जिसके कारण वह मानसिक अवसाद से पीड़ित है। रेणुका, नेत्रा, रूथ और अंजनेया के लिए प्रार्थना करें जो मसीह में विश्वास करते हैं अपने विश्वास को सार्वजनिक रूप से स्वीकार करने के लिए साहसपूर्वक आगे आएँ। अपने विश्वास से पीछे हटे विश्वासियों के लिए प्रार्थना करें कि वे प्रभु की ओर लौटें।

निदागुंडीः मंज्या नायक एवं लमनी रत्ना

स्तुतिः संतोष जो पिछले 5 वर्षों से शराब की लत में डूबा हुआ था, अब परमेश्वर की कृपा से शांत और मुक्त हो गया है। मल्लिकार्जुन परमेश्वर की कृपा से एक नया घर बनाने में सक्षम हुआ। एक व्यक्ति ने मसीह को अपने व्यक्तिगत उद्धारकर्ता के रूप में स्वीकार किया और कलीसिया में शामिल हो गया।

प्रार्थनाः एस्तेर को ईश्वरीय ज्ञान प्राप्त हो जो चिकित्सा की पढ़ाई कर रही है। सारदा के परिवार को सुसमाचार में रुचि दिखाने के लिए प्रेरित किया जाए ताकि वे यीशु में पूरे हृदय से विश्वास करें। लक्ष्मण के पश्चाताप के लिए प्रार्थना करें कि वह हमारे विश्वासी बसुराज से लिए गए 2 लाख के ऋण को वापस कर सके, जो ऋण चुकाने में आनाकानी कर रहा है।

हलियालः
थंगलाल जोउ एवं नेमजावा

स्तुतिः नागम्मा और मयूरी के लिए ने यीशु मसीह को अपना प्रभु स्वीकार किया और वे मसीही मण्डली में शामिल हो गए हैं।
हमारे सम्पर्क में नई आई हरेमुंडीकोली गाँव की लक्ष्मी का लगातार प्रार्थनाओं और प्रभु की दया के कारण सुरक्षित प्रसव हुआ।

प्रार्थनाः नंदूकोट गाँव में चर्च निर्माण के लिए भूमि अधिग्रहण के लिए किए गए प्रयासों की सफलता के लिए प्रार्थना करें। मडिवली के लिए प्रार्थना करें जो भारी कर्ज की समस्या से जूझ रहा है, उसे प्रभु में जीवन और मुक्ति मिले। नागेश को शराब की लत से, दुर्गम्मा को पहले चरण के स्तन कैंसर से, रूद्रप्पा को रक्तचाप से, सुभाष को अपाहिज पक्षाघात से, कमला को थायरॉयड और निम्न रक्तचाप से तथा शोभा को गुर्दे की बीमारी से चंगाई मिले।

खानपुरः विनयराज एवं शांता

स्तुतिः 3 दिन की उपवास प्रार्थना एक वास्तविक आशीर्वाद थी। हमारे वरिष्ठ विश्वासी बसब्बा को परमेश्वर ने रेल दुर्घटना से प्रार्थना के द्वारा बचाया।

प्रार्थनाः बीना के पति संतन को शराब की लत से छुटकारा मिले, और उनके परिवार में शांति बहाल हो। हमारे मिशनरी विनयराज, जिनकी कैंसर की सर्जरी हुई है, को ईश्वर की सुरक्षा मिले, ताकि वे दवाओं के दुष्प्रभावों से सुरक्षित रहें। उनके पूर्ण स्वस्थ होने और उनके बच्चों के भविष्य के लिए प्रार्थना करें।

मुंडारगीः सामुएल बेबर्ता

स्तुतिः अमदापड़ी जन समूह के 3 लोगों ने मसीह को अपना उद्धारकर्ता स्वीकार किया है और अपने विश्वास का अंगीकार किया। परमेश्वर की कृपा से लगभग 120 लोगों को सुसमाचार सुनाना करना संभव हो सका ।

प्रार्थनाः बेल्लारी, सिरुकुप्पा, होस्पेट, कुटलीगी, संधूर, हेदाकली और करिबोम्मनहल्ली के क्षेत्रों में किए गए सेवकाई को प्रभु आशीर्वाद दें ताकि हमारे किए गए सेवा फलदायी हो। प्रभाकर और गंगम्मा को उन सभी भ्रमों से मुक्त करें जो उन्हें घेरे हुए हैं, और वे मसीह को अपने व्यक्तिगत उद्धारकर्ता के रूप में स्वीकार करें। अंधविश्वास के गुलाम मुंडागी लोगों के लिए प्रार्थना करें कि वे सत्य की खोज करें और मसीह में छुटकारा पाएँ।

आंध्रप्रदेश

धमालाचेरुवुः
जॉन डेविड राज (सेवानिवृत्त) एवं ज्ञानशेखर

स्तुतिः कैंसर से पीड़ित छोटी बच्ची तेजा के चमत्कारिक उपचार के लिए प्रीु को धन्यवाद दें। रेड्डीवारीपल्ली की राचेलम्मा, जो लकवाग्रस्त थी, अब धीरे–धीरे चलने में सक्षम हो गई है, उसके लिए प्रार्थना की गई थी। जब अबीगैल और मरियम्मा को एक जहरीले साँप का सामना करना पड़ा, तब परमेश्वर ने उनकी रक्षा की। बोआस कन्नैया और रूथ अनुसिया के भटके हुए परिवार प्रार्थनाओं के कारण प्रभु की ओर वापस लौट आए हैं। उनके घर में आयोजित प्रार्थना सभा में, प्रभु ने उनकी बेटी उषा को एक दुष्ट आत्मा के बनधन से छुटकारा दिया।

प्रार्थनाः प्रार्थना कि जो लोग सार्वजनिक रूप से अपने विश्वास की स्वीकारोक्ति के लिए तैयार हैं, परमेश्वर उन्हें साहस प्रदान करे। लक्ष्मीदेवी के पति प्रभाकर और बेटे तेजा कुमार के पश्चाताप के लिए प्रार्थना करें जो उन्हें कलीसिया में जाने से रोकते हैं। नारायण और उसके माता–पिता ने उषा को चर्च में जाने से रोका, जिसे प्रभु से मुक्ति मिली थी। विक्टर वीरास्वामी की चंगाई कि लिए प्रार्थना करें जिसकी दोनों किडनी खराब हो गई है और डायलिसिस से गुजर रहा है। हमारे विश्वासी स्टेला को शैतानी आक्रमणों से छुटकारा मिले। उन लोगों के लिए प्रार्थना करें जो विश्वासी शैतानी ताकतों के हमले के कारण अपने परिवारों में समस्याओं का सामना कर रहे हैं, उन्हें उन सब से छुटकारा प्राप्त हो।

जन्मदिन मुबारक

कुमारी श्वेता वर्मा

कुप्पम:

वेंकटेशन सी. क्रिसेंस एवं शशिकला

स्तुति: तीन नए गाँव कोट्टा संपागिरी, बंदाकोथुरु और संगनापल्ली में सुसमाचार प्रचार किया गया। विश्वासियों की 14 रात्रि सभाओं और 3 आउटरीच रात्रि सभाओं के माध्यम से 1,050 नए लोगों को सुसमाचार सुनाया गया। शांतिपुरम के विश्वासियों ने पहली बार फसल उत्सव मनाया। परमेश्वर ने हमारे विश्वासियों को उनके खेती के प्रयासों का समर्थन करने के लिए बारिश प्रदान की। परमेश्वर ने गौतमी को पीलिया से चंगाई दी।

प्रार्थना: बंगलौर नेत्रालय में मधुमेह से संबंधित अंधेपन का इलाज करा रहे सनमुगम के ठीक होने की कामना करें। मोनिका, जिसका हृदय का ऑपरेशन हुआ है, के शीघ्र स्वस्थ होने की कामना करें। शशिकुमार को शराब की लत से मुक्ति दिलाएं।

रोड्डम: सोनिया रानी

स्तुति : उन दो लोगों के लिए प्रभु को ध्न्यवाद दे जो मसीह के पंथ में शामिल हो गए। वेंकटपुरम गाँव में 12 नए विश्वासियों को प्रशिक्षित किया गया ताकि उनका पालन–पोषण हो सके। 6 गाँवों में 3 आउटरीच कार्यक्रम आयोजित किए गए। वेंकटपुरम और रेड्डीपल्ली गाँव में फिल्म सेवकाई संचालित की गई।

प्रार्थना: प्रार्थना करें कि वेंकट्टापुरम गाँव में आराधना के लिए एक उपयुक्त जगह मिले। रोड्डम में चर्च की जमीन को अंतिम रूप दिया जाए। तुरुक्कलपट्टनम मण्डली के लिए प्रार्थना करें कि रविवार की आराधना फिर से शुरू हो। एक अस्थायी स्वयंसेवक जो आत्माओं के लिए बोझिल है, सुसमाचार प्रचार कार्य में शामिल हो। संजीवप्पा के लिए प्रार्थना करें कि उनके सभी अंग सूचारू रूप से काम करे। राजमा को मानसिक बीमारी से चंगाई मिले।

कलक्कड़:

राउत सुभाष भाई एवं तुम्बाडा रसीलाबेन

स्तुति: महिलाओं के लिए आयोजित प्रशिक्षण कार्यक्रम में 43 महिलाओं ने भाग लिया और आशीषित हुए। 2 नए लोगों ने यीशु को अपने व्यक्तिगत उद्धारकर्ता के रूप में स्वीकार किया है और उन्हें यीशु के झुंड में जोड़ा गया। 2 नए गाँवों में VBS कार्यक्रम आयोजित किया गया, जिसमें लगभग 70 बच्चों ने भाग लिया।

प्रार्थना: गर्भवती सौंदर्या के लिए प्रार्थना करें कि उसका सुरक्षित प्रसव हो सके क्योंकि डॉक्टर ने कहा है तीसरी सिजेरियन डिलीवरी के कारण यह जटिल हो सकता है। उसे अपने जीवन और बच्चे के बारे में डर है। मुथु के लिए प्रार्थना करें कि उसे 65 मिमी की किडनी स्टोन से चंगाई मिले। नियोजित चर्च एल्डर्स प्रशिक्षण कार्यक्रम की सफलता के लिए प्रार्थना करें।

जन्मदिन मुबारक

श्री डेविड मसीह
श्रीमती भारुडे चिलाबाई राड्या

वी. कोटाः संजय कुमार बीरो एवं सागरिका

स्तुतिः 350 नए लोगों को व्यक्तिगत रूप से सुसमाचार प्रचार किया गया। बैरेड्डीपल्ली चर्च में ढलाई का काम शुरू किया गया है। 350 ट्रैक्ट वितरित किए गए, 2 नए नियम, 30 सुसमाचार पैकेट और 56 अन्य पुस्तकें इच्छुक लोगों को दी गई।

प्रार्थनाः प्रार्थना करे कि परमेश्वर मणि को मानसिक विकार से छुटकारा दे। बैरेड्डीपल्ली चर्च का जीर्णोद्धार कार्य जल्द ही पूरा हो सके। प्रार्थना करें कि परमेश्वर सुब्रमणि और लक्ष्मी परिवार को संतान सुख प्रदान करे।

पुलिवेंडुलाः

डैनियल विजयराज एवं इंद्रम्मा

स्तुतिः नागम्मा के बेटे गुरुदेव और उसकी पत्नी को ईश्वर द्वारा दी गई शांति के लिए जो फिर से एक हो गए हैं और साथ रह रहे हैं। शोभा की बेटी सुगंती को अपनी माँ की सच्ची प्रार्थना के परिणामस्वरूप प्रभु में अपने विश्वास को स्वीकार की। विश्वासीगण आउटरीच सेवा के लिए महीने में एक बार स्वयं अपना समय और पैसा खर्च करते हैं।

प्रार्थनाः रत्नम्मा को सड़क दुर्घटना में लगे घावों से मुक्ति मिले। अंजनम्मा के पति, सुकन्या के पति, सरोजम्मा के बेटे और मार्थम्मा के पति के उद्धार के लिए प्रार्थना करें। आगामी मासिक कार्यक्रमों की सफलता के लिए प्रार्थना करें।

तमिलनाडु

एंचेट्टीः

डेविड निकोलसन एवं आइवी

स्तुतिः ओड़ेपुरम, शिवालिकापुरम, इंदिरानगर, थक्कड़ी और पासपट्टना गाँव में सुसमाचार के लिए द्वार खुला। ज्योति और उसके परिवार के सदस्यों को दुष्ट आत्मा के बन्धन से मुक्ति मिली। वनिता को हृदय रोग से और अन्नल एवं थवामणि को परमेश्वर ने पक्षाघात से मुक्ति दी।

प्रार्थनाः सुरेश, गोपीनाथ, नागमथु, रेकन, इम्मानुएल और नागराज के लिए प्रार्थना करें कि उन्हें उनके पापों और मादक द्रव्यों के सेवन की लत छुटकारा मिले। पेरूमल को कूल्हे की फ्रैक्चर से चंगाई मिले। मानसिक असंतुलन के कारण घर से भागे परमीश की सुरक्षित वापसी के लिए प्रार्थना करें। नए विश्वासियों के लिए प्रार्थना करें कि वे अपने विश्वास में दृढ़ रहें। उन 20 लोगों के लिए प्रार्थना करें जिन्होंने हाल ही में सुसमाचार सुना है, वे यीशु मसीह में विश्वास करें।

जन्मदिन मुबारक

श्रीमती मणिसेलवी सारथी

मेचेरीः

धर्मराज आर.आर. एवं मारियासेल्वी

स्तुतिः इस बरसात के मौसम में विश्वासियों और उनके पशुओं की सुरक्षा के लिए ईश्वर की स्तुति करें। मुनिसामी और सेल्वी के परिवारों कई प्रकार की समस्याओं से मुक्ति मिली है। टॉइफाइड बुखार से जयश्री को चंगाई मिली। कई क्षेत्रों में परमेश्वर ने सुसमाचार प्रचार के लिए द्वार खोल दिया है।

प्रार्थनाः प्रार्थना करें कि कन्नैयन और जयलक्ष्मी को सांस लेने की तकलीफ से मुक्ति मिले। मूर्ति को शराब की लत से छुटकारा मिले। प्रार्थना करें कि परमेश्वर मोनिशा, उमा तथा उनके परिवारों को संतान सुख प्रदान करे। बामा, शांति, लक्ष्मी, कला, दिव्या, मूर्ति, गोपी, श्रीनिवासन मरियप्पन और मुथुलक्ष्मी तथा उनके परिवार यीशु मसीह को अपने व्यक्तिगत उद्धारकर्ता के रूप में स्वीकार करें। इस क्षेत्र में आराधना समूह स्थापित करने के लिए किए गए प्रयास सफल हों तथा परमेश्वर की आशीष मिले।

चंदिरापेट्टीः

अर्चना मोहन

स्तुतिः दो नए गाँवों में लगभग 100 लोगों को सुसमाचार सुनाया गया है। 200 ट्रैक्ट, 5 नए नियम और 5 बाइबलें वितरित की गई हैं। विन्नारासी, जिसका गर्भाशय–उच्छेदन हुआ था, अब ठीक हो रही है। एमिमाल को ईश्वर उसके हृदय की समस्या से चंगाई दे रहा है।

प्रार्थनाः परमेश्वर चंद्रपट्टी गाँव की निवासी मंगम्माल को चंगाई दे जो अचानक अपनी स्मरण शक्ति खो देती है। सुहाशिनी के लिए प्रार्थना करें कि वह परमेश्वर में अपना विश्वास फिर से प्राप्त हो और वह आराधना सेवाओं में भाग ले सके। रविवारीय आराधना और बच्चों की कक्षाएं बिना किसी रुकावट के आयोजित की जाएं।

मृत्यु से चमत्कारिक छुटकारा

कर्नाटक के सिग्गाँव मिशन क्षेत्र के एक विश्वासी प्रभु के लिए परमेश्वर की स्तुति करें। वह काले जादू (जादू टोना) का शिकार हो गया और निराशा में उसने आधा लीटर जहर पी लिया। उसके परिवार वाले उसे पास के अस्पताल ले गए, परन्तु डॉक्टर ने उसे भर्ती करने से मना कर दिया और उन्हें एक बड़े अस्पताल में रेफर कर दिया। वहाँ, उसे अस्पताल में भर्ती कराया गया, परन्तु डॉक्टरों ने कहा कि जहर का कोई इलाज नहीं है और उसके बचने की कोई उम्मीद नहीं है, इसलिए परिवार को उसे घर ले जाने की सलाह दी गई।

हालाँकि, हमारे विश्वासियों ने एकजुट होकर उसका उत्साह बढ़ाया। प्रभु के स्वस्थ होने के लिए प्रार्थना की। परमेश्वर ने एक महान चमत्कार किया! जिस डॉक्टर ने शुरू में उनका इलाज करने से मना कर दिया था, उसी ने उनका इलाज करना शुरू कर दिया, और प्रभु मृत्यु के कगार से बच गया। हल्लेलुय्याह!

जन्मदिन मुबारक

श्री अन्बैया पी.
श्री अरुण कुमार जी.
श्री डैनियल मार्वेलराज डी.

डेंकनिकोट्टई: एस. जेबाराज (सेवानिवृत्त) वं एस्तेर तंगम

स्तुतिः करंदपल्ली और सिकेपुरम में द्वितीय चरण की सेवकाई पूरी की गई। कोंगडू चेट्टीपल्ली, थेर वीधी और कोटटाईवासल के गाँवों में सुसमाचार का प्रचार के लिए खुला द्वार प्राप्त हुआ। डॉक्टरों ने कहा कि मर्कट्टा रोड की अरपुथम के लिए सामान्य रूप से बच्चे को जन्म देना मुश्किल है, परन्तु परमेश्वर ने विश्वासियों की प्रार्थनाओं के माध्यम से उसे सामान्य रूप से बच्चे को जन्म देने में सक्षम बनाया। रोजी, एंथनी स्कूल की लिली और संतोष, मूसा को पेरियामलाई में आयोजित युवा सभा में भाग लेने में मदद की।

प्रार्थनाः कोथुर, रोगनूर, उपसनपल्ली और अर्केथुर गाँवों के लोग यीशु मसीह पर विश्वास करें और बचाए जाएँ। पक्थम्मल और आरती के लिए प्रार्थना करें कि वे जो बिना किसी बाधा के अपने विश्वास को घोषणा कर सकें जो प्रभु के विश्वास में विश्वास में आई हैं। युवा मूर्ति और संतोष के लिए एक उपयुक्त जीवन साथी। महेंद्रन, स्टीन और प्रकाश को अच्छी नौकरी प्राप्त हो। मारकाड़ा में लड़कों के लिए जल्द ही एक कमरा बनाने की जरूरत है कृप्या इसके लिए प्रार्थना करें।

एल.टी.आई.पेरियामलाईः
बाबू पुष्पराज एवं मेबल

स्तुतिः परमेश्वर ने पोला कोल्लई, मोकांगकराई, काली खट्टम और सुक्कल बेदु गाँवों में बाल सभाएँ आयोजित करने में हमें सहायता की। गलियुर, पेट्टामुगलम और उरुलम फोर्ट के गाँवों में बाइबिल की कक्षाएँ और प्रार्थना समूह आयोजित किए गए। सेंट्रल जोन से लगभग 85 मिशनरियों ने आध्यात्मिक सभा में भाग लिया। वापस आते समय परमेश्वर ने उस वाहन की रक्षा की जो बिजली के तार से लगी आग लग गई थी। नाथम्पट्टा में आयोजित युवा शिविर में 300 से अधिक लोगों ने भाग लिया। तमिलनाडु क्षेत्र के 20 से अधिक युवाओं ने अपना जीवन मिशनरी कार्य के लिए समर्पित कर दिया।

प्रार्थनाः प्रार्थना करें कि जो लोग विश्वास से दूर हो गए हैं वे विश्वास में वापस आएँ। जिन गाँवों में बाल सभाएं होती हैं, वहाँ के बच्चों के उद्धार के लिए प्रार्थना करें। मुरुगन को स्ट्रोक से पूरी तरह चंगाई मिले। प्रार्थना करें कि नेतृत्व प्रशिक्षण केंद्र तक सड़क का निर्माण जल्द हो सके। परमेश्वर इसके लिए किए गए प्रयासों को आशीष दे। पेरियामलाई में परिसर की दीवार का निर्माण कार्य जल्द पूरा हो और परमेश्वर प्रदर्शनकारी प्रवीण और देवनाई के दिलों में हस्तक्षेप करें तथा सरकारी अधिकारियों से कोई समस्या न आए।

जन्मदिन मुबारक

श्री चौधरी राजेश धवलेभाई

श्री अनिल महाली

वर्ली अनुवादः **अब्राहम जी एवं हेमलता**

स्तुतिः परमेश्वर ने लूका रचित सुसमाचार के पहले चरण के अनुवाद को दवेरी भाषा में पूरा करने में मदद की। मत्ती, मरकुस, लूका, यूहन्ना की सुसमाचार और नीतिवचन तथा भलन संहिता का डोगरी निग्री भाषा में नए संस्करण का कार्य एक प्रगति पर है। हम डोकरी मिस्री भाषा में नए नियम की पुस्तकें लूका, यूहन्ना और प्रेरितों के काम की पुस्तकों की संपादन कार्य को पूरा करने में ईश्वर की मदद के लिए परमेश्वर का धन्यवाद हो।

प्रार्थनाः डोगरी मा निस्री भाषा में भजन संहिता नीतिवचन और नए नियम की पुस्तकों मुद्रन के लिए प्रार्थना करें। दिसंबर में नए नियम की छपाई के लिए होने वाली सुयुक्त सभा के लिए प्रार्थना करें। आइए अंधे मिशनरी अब्राहम और उनकी कमजोर बेटी क्रिस्टी के लिए प्रार्थना करें ताकि भजन पुस्तक को पारली भाषा में फिर से छापा जा सके और वरली गीतों को पेन ड्राइव पर प्रकाशित किया जा सके।

यीशु के नाम से उठो और चल फिर!

बलसाना गाँव की 16 वर्षीया सुश्री राजबाई पिछले सात वर्षों से चलने में असमर्थ थीं। और अपनी दैनिक जरूरतों के लिए पूरी तरह से अपने परिवार पर निर्भर थी। पिछले महीने, टेम्बा गाँव में विश्वासियों के लिए एक सभा आयोजित की गई थी। हमारे स्थानीय प्रचारकों में से एक, धानसिंह नामक एक विश्वासी के साथ, राजबाई को प्रार्थना के लिए लाया, और उसके परिवार को मसीह से परिचित कराया गया। 13 अगस्त को राष्ट्रीय उपवास प्रार्थना के दौरान राजबाई को सतरपाड़ा में प्रार्थना के लिए फिर से लाया गया। सभी विश्वासियों ने उसकी चंगाई के लिए एक साथ प्रार्थना की। महान उपचारक प्रभु यीशु ने राजबाई को छुआ, और वह अपने आप खड़ी हो गई और धीरे–धीरे चलने लगी। उसने बपतिस्मा के माध्यम से अपने विश्वास की पुष्टि भी की। अब, वह धीरे–धीरे ठीक हो रही है। सारी महिमा परमेश्वर को मिले!

गेहूँ का गिरा हुआ दाना!

रेव्ह. दीप्तिलाल मल्ली

(08.06.1980–17.11.2024)

भाई दीप्तिलाल माली का जन्म उड़ीसा के परिसल गाँव में श्री मार्क माली और श्रीमती पिसथिनी माली के सबसे बड़े पुत्र के रूप में 08/06/1980 को हुआ था। उनका जन्म और पालन–पोषण एक ईसाई परिवार में हुआ था और इसलिए वे नियमित रूप से चर्च जाते थे और अपना समय व्यतीत करते थे। वह अपने आस–पास के सभी लोगों के लिए एक अच्छा लड़का था परन्तु अपने भीतर में गहराई से यीशु मसीह को नहीं जानता था। जब वह अपनी स्कूली शिक्षा प्राप्त रहे थे, तब उन्होंने 18 जून 1996 को गजापति में एफ.एम.पी.बी. द्वारा आयोजित युवा सभा में भाग लिया। उपदेशक ने पाप और पाप के परिणाम पर उपदेश दिया। प्रभु ने उनसे रोमियों की पत्री 3:23 के माध्यम से बात की और इस प्रकार उन्होंने अपना जीवन यीशु को दे दिया। अपनी स्कूली शिक्षा पूरी करने के बाद उन्हें प्रभु की सेवा करने का आह्वान मिला। इसलिए उन्होंने थियोलॉजिकल कॉलेज में दाखिला लिया और बी.टी.एच. की पढ़ाई पूरी की। बी.टी.एच. के बाद वे 2 साल के लिए एफ.एम.पी.बी. में एक आकस्मिक स्वयंसेवक के रूप में शामिल हुए। वर्ष 2007 में वे एक पूर्णकालिक मिशनरी के रूप में एफ.एम.पी.बी. में शामिल हुए। उन्होंने माजा, कपूरथला, अहमदगढ़ मंडी, बरनाला में प्रभु की सेवा की। उन्होंने जीप टीम में भी काम किया। वह एक प्रेरक और उत्साही मिशनरी थे जिन्होंने बहुत सी आत्माओं के जीवन को छुआ। वह मृदुभाषी थे और अपनी अविश्वसनीय भावना के लिए जाने जाते थे। उन्हें मिशन क्षेत्र में काम करने का जुनून था और वह एक मेहनती व्यक्ति थे। उन्होंने अहमदगढ़ मंडी में एक चर्च बनाने के लिए सभी प्रयास किए। उन्होंने 11/05/2012 को बहन रेनुमा सड़ांगी से विवाह किया। दोनों ने मिलकर पंजाब में प्रभु की सेवा की। 2021 में उन्हें कैंसर का पता चला। उनका इलाज CMC वेल्लोर में चल रहा था। अपने इलाज के बावजूद सेवकाई में उनकी प्रतिबद्धता कभी कम नहीं हुई। वह पंजाब में खुशी–खुशी प्रभु की सेवा कर रहे थे और दर्द को सहन कर रहे थे। उन्होंने गाँवों में रात की सभाएँ लगन से कीं और दवा का प्रबंध करते हुए भी अपने प्रयासों में लगे रहे। जब वह अपनी बाइक नहीं चला सकते थे तो उन्होंने अपने परिवार के साथ बस से जाकर सेवा किया। इस दौरान उनके परिवार के सदस्य उनके साथ अटूट समर्थन के साथ खड़े रहे। उनकी पत्नी बहन रेनुमा उनकी बीमारी के दौरान आशा और शक्ति का प्रतीक थीं। एक समय डॉक्टरों ने पुष्टि की कि उनके कैंसर की कोशिकाएँ तेजी से फैल रही हैं। परन्तु इतने दर्द और पीड़ा के बावजूद भी वे अपने पसंदीदा रिदम पैड, तबेला और अन्य वाद्ययंत्र बजाते रहे। 5 साल तक कैंसर से जूझने के बाद उनके पास कोई और इलाज नहीं बचा। इसलिए संगठन ने उन्हें परिवार के साथ रहने या आराम करने के लिए ओटनचत्रम के MUT में रहने का विकल्प दिया। वे वहीं रहे और वे आराम कर रहे थे। घर आने से कुछ दिन पहले उन्हें सांस लेने में तकलीफ हुई और वे ICU में थे। उन्होंने किसी भी उपचार का जवाब नहीं दिया और अपनी दौड़ पूरी की और इस प्रकार उन्होंने 17/11/2024 को परमेश्वर की महिमा में प्रवेश किया। आईए हम उनकी प्यारी पत्नी रेणुम्मा, छठी कक्षा में पढ़ने वाला पुत्र माइकल और तीसरी कक्षा में पढ़ने वाला इजराइल को याद करें। सभी सुखों के स्वामी उनके परिवार को शांति प्रदान करे।

– **रेव्ह. वी.पी. जेबाराज**, सचिव मानव संसाधन



वह हमें स्वतंत्र करने के लिए हुआ था पैदा,
आप और मैं, सबके लिए एक उद्धारकर्ता,
वह देने आया अनन्त जीवन,
हमारे दुःख, दर्द और संघर्ष का अंत करने को।

उसने मुझे एक नया जीवन दिया,
सदैव सच्चा आशा का प्रतिज्ञा,
उसने विनम्रता से कहा ''मैं वापस आऊँगा'',
एक राजा लेने आएगा जो उसकी जगह।

वह एक लद्दू पर सवार था, दीन और नम्र,
फिर भी वह लौटेगा, राजसी और जंगली,
करो अवहान आगमन राजा के,
हे प्रभुओं के प्रभु, गाते हैं हम स्तुति।

हमारा जीवन एक गहन संदेश बन जाए,
वह पत्र बनो जो चारों ओर गूंजे,
यीशु हमारी शक्ति और मार्गदर्शक बने,
हे प्रभु, हमारी सहायता करो,
हम करते हैं भरोसा तुम पर।

इस क्रिसमस को एक दिन से अधिक होने दो,
इसकी सच्चाई हमारे दिलों में हमेशा बनी रहने दो,
प्रेम की एक वास्तविकता, शुद्ध और उज्जवल,
अनुग्रह का दान, प्रकाश हमारा शाश्वत
–एस.एम.एस.

Published by: S. John Berlin on behalf of Friends Missionary Prayer Band from 29, High School Road, Ambattur, Chennai 600 053. Tel. 044-2657 0404 E-mail: info@fmpb.org ***Printed by:*** Rasi Graphics (P) Ltd. No. 40, Peters Road, Royapettah, Chennai - 600014. ***Editor: S. John Berlin***